इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

वर्ष- 43 अंक -135 राजनांदगांव, सोमवार 01 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# दिल्ली में 'इंडिया' की महारैली : पार्टियों को समान अवसर, केजरीवाल-सोरेन की रिहाई, इलेक्टोरल बॉन्ड; रखी ये 5 मांगें

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की तरफ से एक बड़ी रैली का आयोजन किया गया. इस रैली में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, फारुक अब्दुल्ला, सीताराम येचुरी सहित कई नेताओं ने हिस्सा लिया.

विपक्षी दलों की तरफ से रामलीला मैदान से पांच सूत्री मांगें रखीं गयी है. जिनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तत्काल की रिहाई की मांग भी शामिल है. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने विपक्ष की 'लोकतंत्र बचाओ महारैली' में मंच से 'इंडिया' गठबंधन की तरफ से ये मांगें रखीं. विपक्ष ने कहा कि 'निर्वाचन आयोग को लोकसभा चुनावों में समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए. निर्वाचन आयोग को चुनाव में हेराफेरी करने के उद्देश्य से विपक्षी दलों के खिलाफ जांच एजेंसियों द्वारा की जानी वाली कार्रवाई रोकनी चाहिए. हेमंत सोरेन और अरविन्द केजरीवाल की तुरंत रिहाई की जाए. चुनाव के दौरान विपक्षी राजनीतिक दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने की जबरन कार्रवाई तुरंत बंद होनी चाहिए.

### लोकसभा चुनाव में मैच फिक्सिंग : भाजपा पर भड़के राहुल गांधी

दिल्ली के रामलीला मैदान में 'इंडिया' गठबंधन की महारैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, आज कल आईपीएल के मैच चल रहे हैं. आप सभी ने मैच फिक्सिंग शब्द सुना है. जब बेइमानी से एम्पायर पर दबाव डालकर, खिलाड़ियों को खरीदकर मैच जीता जाता है. हमारे सामने लोकसभा का चुनाव है, हमारी टीम में से मैच शुरू होने से पहले दो खिलाड़ियों को गिरफ्तार करके अंदर कर दिया गया. ये जो उनका 400 पार का नारा है, वो बिना मैच फिक्सिंग के 80 पार नहीं हो सकता है... कांग्रेस पार्टी विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है. हमारे सभी बैंक अकाउंट बंद कर दिए गए हैं. चुनाव के बीच में देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के बैंक अकाउंट बंद कर दिए. हमारे सारे संसाधनों को बंद कर दिया गया. ये कैसा चुनाव हो रहा है? नेताओं को जेल में डाला जाता है... ये मैच फिक्सिंग करने की कोशिश की जा रही है.

### महारैली में सोनिया गांधी ने भी लिया हिस्सा

आम आदमी पार्टी द्वारा आयोजित महारैली में मलिकार्जुन खरगे, फारुक अब्दुल्ला, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, प्रियंका गांधी और तेजस्वी यादव, के साथ-साथ सोनिया गांधी ने भी हिस्सा लिया. सोनिया गांधी ने भीड़ का हाथ जोड़कर अभिवादन किया. 'इंडिया' गठबंधन की महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा यह मंच है अनेकता में एकता, विविधता में एकता है, यह दर्शाने के लिए आज यह सभा आयोजित हुई है।

### विपक्ष ने रखी 5 सूत्री मांग

0 भारत के चुनाव आयोग को चुनाव में समान अधिकार सुनिश्चित करनी चाहिए.
0 चुनाव आयोग को एजेंसियों की कार्रवाई रोकनी चाहिए.
0 अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को रिहा करना चाहिए.
0 सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में इलेक्टोरल बांड की एक एसआईटी बनाकर जांच हो.
0 विपक्षी पार्टियों के जो अकाउंट फ्रीज किए गए हैं वह तुरंत खोले जाए

### सुनीता केजरीवाल ने पढ़ा केजरीवाल का संदेश

सुनीता केजरीवाल ने विपक्षी गठबंधन की महारैली में केजरीवाल का संदेश पढ़ा. उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे भारत वासियों, आप सभी अपने इस बेटे का प्रणाम स्वीकार करिए, मैं वोट नहीं मांग रहा, किसी को चुनाव जिताने हराने की बात नहीं कर रहा. भारत को एक नया भारत बनाने की बात कर रहा हूं. हमारे देश के पास सब कुछ है. मैं जेल में हूं यहां सोचने का काफी समय मिलता है. भारत मां के बारे में सोचता हूं, भारत मां दर्द में हैं, जब लोगों को अच्छी शिक्षा नहीं मिलती, सही इलाज के बिना लोग कर जाते हैं, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए आखिरी सांस तक लड़ेंगे: खड़गे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष को रोकने की हर नाजायज कोशिश कर रहे हैं और लोकतंत्र तथा संविधान बचाने के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया जाएगा। खड़गे ने यहां ऐतिहासिक रामलीला मैदान में विपक्षी दलों के इंडिया समूह की लोकतंत्र बचाओ महारैली को संबोधित करते हुए कहा कि ये मंच विविधता में एकता का प्रतीक है। रामलीला मैदान में इंडिया इकट्ठा है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि विपक्ष को इकट्ठा होने से रोकने के लिए श्री मोदी ने हर नाजायज कोशिश की है।पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने का दबाव बनाया। जब वह नहीं माने तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस बीच झारखंड और हिमाचल सरकार गिराने की कोशिश भी हुई। इस सब के बाद, कांग्रेस पार्टी के कुल 12 खाते फ्रीज किये गये। नोटिस पर नोटिस भेजे जा रहे हैं। श्री खड़गे ने कहा कि निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की आत्मा है। सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसरों का होना सबसे जरूरी है। इंडिया समूह इन चुनावों में देश के बुनियादी सवालों को उठाता रहेगा।श्री मोदी के 10 साल के काले कारनामों का हिसाब इन चुनावों में होगा। उन्होंने कहा, लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए आखिरी सांस तक लड़ेंगे।

## मेरठ में पीएम मोदी बोले- बड़े-बड़े सत्ताधारी जेल में, जमानत के लिए काट रहे चक्कर

मेरठ। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जीत की हैट्रिक लगाने के लिए रविवार को उत्तर प्रदेश के क्रांतिधरा मेरठ से चुनावी शंखनाद किया। रैली में पहुंचे लोगों को पीएम मोदी ने सबसे पहले अभिवादन किया और रैली में आने के लिए धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत माता की जय के साथ अपना संबोधन शुरू किया।

वहीं, पीएम मोदी के मंच पर पहुंचते ही लोगों ने भारत माता की जय और मोदी और योगी के जमकर नारे लगाए। इस दौरान जयकारों और मोदी-योगी के नारों से पूरा मैदान गूंज उठा। मंच से बोलते हुए पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यों की कीमत देश को आज तक चुकानी पड़ रही है। जब हमारे छोटे भाई चौधरी जयंत संसद में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न की मांग करने के लिए बोलने लगे तो उन्हें रोकने का प्रयास किया गया। उनका अपमान किया गया। ऐसे लोगों को उनके क्षेत्र के घर-घर में जाकर माफी

मांगनी चाहिए। चौधरी चरण सिंह ने किसानों के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

### भ्रष्टाचारियों पर एक्शन होगा, मोदी है झुकने वाला नहीं है

पीएम मोदी ने कहा कि मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं तो कुछ लोग अपना आपा खो बैठे हैं। मेरे प्यारे देशवासियों मैं कहता हूं कि मोदी की गारंटी रहती है। मोदी का मंत्र है, भ्रष्टाचार हटाओ! वह कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ! उन्होंने कहा कि यह चुनाव दो खेमों की लड़ाई है। एक खेमा भ्रष्टाचार हटाने के लिए मैदान में है। दूसरा वह एक है जो भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए मैदान में है। पीएम मोदी ने कहा कि इन भ्रष्टाचारियों ने जिसका धन लूटा है, उनका धन मैं लौटा रहा हूं। इन लोगों ने मिलकर एक इंडी गठबंधन बना लिया है। इनको लगता है कि मोदी इससे डर जाएगा लेकिन, मेरे लिए मेरा भारत मेरा परिवार है। मैं अपने देश को भ्रष्टाचार से बचाने के लिए कदम उठाया रहा हूं। उनके खिलाफ एक बहुत बड़ी लड़ाई लड़ूंगा, इसलिए बड़े-बड़े भ्रष्टाचारी आज सलाखों के पीछे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि बड़े-बड़े सत्ताधारियों को जमानत तक नहीं मिल रही है। इसलिए कई बड़े-बड़े भ्रष्टाचारियों को कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और इसलिए आपने टीवी पर देखा होगा कि कहीं बिस्तर के नीचे से नोटों के ढेर निकल रहे हैं तो कहीं दीवारों से नोटों के ढेर निकल रहे हैं। अभी तो मैंने देखा कि वाशिंग मशीन में भी नोटों के ढेर निकले थे। यह मोदी की गारंटी है (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आरबीई के जन्मदिन में शामिल होंगे पीएम मोदी, ऑनलाइन फ्रॉड रोकने 'डिजिटा' एजेंसी होगी लांच

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए एजेंसी खड़ी करने जा रहा है। आरबीआई के 90वें जन्मदिन यानी स्थापना दिवस 1 अप्रैल को इसका ऐलान हो सकता है।

भारतीय रिजर्व बैंक 1 अप्रैल 2024 को अपना 90वें जन्मदिन मनाएगा। इस जन्मदिन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। इस मौके पर ऑनलाइन फॉड पर रोकथाम के लिए डिजिटल इंडिया ट्रस्ट एजेंसी (डिजिटा) लेकर घोषणा करने की तैयारी है। यह एजेंसी देश में कर्ज देने वाले अवैध एप का रोकथाम करेंगी। इससे हर तरह के फर्जीवाड़ें पर भी रोक लगेगी।

### चीनी एजेंसी कर रही थी जासूसी

पिछले दिनों इस बात का खुलासा हुए था कि चीनी एजेंसियां ने केवल ऐसे एप के माध्यम से भारतीय लोगों से जबरदस्त उगाही कर रही हैं बल्कि वह इसके माध्यम से जासूसी भी कर रही हैं। इसके बाद भारतीय एजेंसियों ने ऐसे एप के खिलाफ तबाड़तोड़ कार्रवाई की। अब तक 2200 लेंडिंग एप हटा दिया गया है। 'डिजिटा' अवैध एप की जांच पड़ताल करेगा। इसके तहत जिस एप का प्रमाणीकरण नहीं होगा उसे गूगल स्टोर से हटा दिया जाएगा। जिसे भी ऑनलाइन वित्तीय कारोबार करना होगा उसे यहां पंजीकरण कराना होगा। इससे पारदर्शिता आएगी और फर्जी एप की पहचान आसान होगी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लालकृष्ण आडवाणी को घर पहुंचकर भारत रत्न से किया सम्मानित

नई दिल्ली। वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को उनके आवास पर ही भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खुद उनके घर पहुंच भारत रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद रहें।

गौरतलब है कि शनिवार को राष्ट्रपति भवन में केंद्र सरकार की ओर से चयनित हस्तियों को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया। स्वास्थ्यगत कारणों से वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए थे, इसलिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खुद उनके निवास पर जाकर उन्हें भारत रत्न अवार्ड से सम्मानित किया।

### 4 हस्तियों को भारत रत्न का सम्मान

राष्ट्रपति भवन में शनिवार को 4 हस्तियों को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी.वी. नरसिम्हा राव, कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर शामिल हैं। 4 शख्सियतों को मरणोपरांत भारत रत्न दिया जा रहा है। इनके परिजन ने राष्ट्रपति से सम्मान ग्रहण किया।

## बड़ी कंपनियों के खिलाफ जीएसटी जांच के लिए पहले लेनी होगी मंजूरी

नई दिल्ली। जीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों को अब किसी भी बड़े औद्योगिक घराने या प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनी के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले अपने क्षेत्रीय प्रधान मुख्य आयुक्त से मंजूरी लेनी होगी। यह मंजूरी उन्हें पहली बार वस्तुओं/सेवाओं पर शुल्क लगाने के लिए भी लेनी पड़ेगी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) अधिकारियों के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।

### जांच से पहले मंजूरी लेने का नियम क्यों?

सीबीआईसी के दिशानिर्देशों के अनुसार, जब एक करदाता की जांच राज्य जीएसटी और डीजीजीआई अधिकारी कर रहे हैं, तो प्रधान आयुक्त इस संभावना पर विचार करेंगे कि करदाता के संबंध में सभी मामलों को एक कार्यालय द्वारा आगे बढ़ाया जाए। दिशानिर्देशों में कर अधिकारियों के लिए जांच शुरू होने के एक साल के भीतर जांच पूरी करने की समय सीमा भी तय की गई है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## आईटी ने कांग्रेस 3567 करोड़ की देनदारी निकाली

नई दिल्ली । कांग्रेस को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने नया नोटिस दिया है। इसमें 2014 से 2017 के लिए 1745 करोड़ रुपए के टैक्स की डिमांड की गई है। इस नए नोटिस के साथ कांग्रेस पर टैक्स डिमांड बढ़कर 3567 करोड़ रुपए हो गई है। जानकारी के मुताबिक 2014-15 के लिए 663 करोड़ रुपए, 2015-16 के लिए 664 करोड़ रुपए और 2016-17 के लिए 417 करोड़ रुपए का टैक्स डिमांड नोटिस कांग्रेस को भेजा गया है। कांग्रेस से जुड़े सूत्रों का दावा है कि आईटी विभाग ने राजनीतिक दलों को मिलने वाली टैक्स रिबेट खत्म कर दी है और पूरे कलेक्शन के लिए पार्टी पर टैक्स लगा दिया है।

1745 करोड़ का नया टैक्स नोटिस, दो दिन पहले 1823 करोड़ का नोटिस भेजा था

रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी ने छापे में कांग्रेसी नेताओं से जब्त डायरियों की थर्ड पार्टी को लेकर हुई एंट्रीज पर भी टैक्स लगाया है।

### दो दिन पहले मिला था 1800 करोड का नोटिस

कांग्रेस को 2 दिन पहले यानी 29 मार्च को ही शुक्रवार को आयकर विभाग से पहला नोटिस मिला था। जिसमें करीब 1823 करोड़ रुपए का भुगतान करने कहा गया है। यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं। कांग्रेस के सीनियर नेता विवेक तनखा ने अपनी पोस्ट में लिखा- पागलपन की पराकाष्ठा है। पिछले 3 दिनों में कांग्रेस पर 3567.33 करोड़ रुपए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीएए पर अब ये क्या बोल गई सीएम ममता, एनआरसी को जोड़ते हुए पीएम मोदी को दे दी चुनौती

कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू किए जाने पर रविवार को सवाल उठाते हुए भाजपा व केंद्र पर करारा हमला बोला। लोकसभा चुनाव को लेकर नदिया जिले के कृष्णानगर में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि सीएए वैध नागरिकों को विदेशी बनाने का एक जाल (साजिश) है, जिसे वो स्वीकार नहीं करेंगी।

### सीएए का मतलब ही एनआरसी

उन्होंने स्पष्ट कहा कि हम बंगाल में सीएए और एनआरसी को लागू नहीं होने देंगे। मतुआ समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्र में आयोजित इस रैली में ममता ने लोगों से कहा कि सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करते ही आपको विदेशी घोषित कर दिया जाएगा। सीएए

का मतलब ही एनआरसी है। आवेदन करते ही आप एनआरसी के दायरे में आ जाएंगे।

### सीएए के तहत आवेदन क्यों नहीं किया?

केंद्र सरकार आपके (मतुआ भाइयों) के सभी नागरिक अधिकार छीनकर और सरकारी योजनाओं से वंचित कर आपको डिटेंशन कैंप में भेज देगी। उन्होंने कहा कि सीएए के कारण लोग तनाव में हैं। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने मतुआ समुदाय से आने वाले बनगांव से भाजपा सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री शांतनु ठाकुर की ओर इशारा करते हुए कहा कि भाजपा के नेता सीएए के तहत आवेदन क्यों नहीं कर रहे हैं?

### ममता का भाजपा के 400 नारे पर निशाना

ममता ने सवाल किया कि जब सीएए कानून को संसद से 2019 में ही पारित किया गया तो इतने साल बाद चुनाव से ठीक पहले इसे क्यों लागू किया गया है? पहले इसे लागू क्यों नहीं किया गया। यह चुनावी जुमले के अलावा कुछ भी नहीं है। ममता ने चुनाव में भाजपा के 400 पार वाले नारे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा 400 पार की बात कह रही है लेकिन मैं उन्हें चुनौती देती हूं कि इस लोकसभा चुनाव में वह 200 का आंकड़ा भी पार करके दिखाए। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सियासतः 'यह राष्ट्रपति का अपमान', आडवाणी को भारत रत्न मिलने के दौरान पीएम मोदी के खड़े न होने पर बिफरी कांग्रेस

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली में आडवाणी के आवास पर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। इस बीच, कांग्रेस ने रविवार को पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है।

### कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर साझा की तस्वीर

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा अपने आवास पर आडवाणी को भारत रत्न प्रदान करते हुए तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में भाजपा के वरिष्ठ नेता

लालकृष्ण आडवाणी और पीएम मोदी कुर्सियों पर बैठ हैं, जबकि राष्ट्रपति मुर्मू खड़े होकर भाजपा नेता को प्रशस्ति पत्र सौंप रही हैं।

### पीएम मोदी ने राष्ट्रपति का किया अपमान- जयराम रमेश

जयराम रमेश ने तस्वीरों के साथ अपने पोस्ट में कहा कि हमारे राष्ट्रपति का अपमान किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निश्चित रूप से खड़ा होना चाहिए था। वहीं रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली में बोलते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि पीएम मोदी राष्ट्रपति के सम्मान में भी खड़े नहीं हुए और आरोप लगाया कि भाजपा को संविधान में कोई विश्वास नहीं है।

### राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर पोस्ट की तस्वीर

गौरतलब है कि राष्ट्रपति मुर्मू ने रविवार को पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता को उनके आवास पर देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और आडवाणी के परिवार के सदस्य शामिल हुए थे।

# 'भूपेश ने महादेव को भी नहीं छोड़ा, गरीबों को बेघर कर पाप किया': सीएम साय बोले- भाजपा सरकार में सांय-सांय हो रहा काम

रायपुर। प्रदेश के मुखिया सीएम विष्णुदेव साय ने रविवार को कोंडागांव और धमतरी जिले में धुआंधार चुनावी सभा की। इस दौरान दोनों जगहों पर बीजेपी सरकार और केंद्र की उपलब्धियों का बखान किया। पूर्व की कांग्रेस सरकार की कमियां गिनाई। पूर्व सीएम सीएम भूपेश बघेल पर जमकर बरसे। कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में हर काम सांय-सांय हो रहा है और कांग्रेस का बाय-बाय हो रहा है। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता बीजेपी में शामिल हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने धमतरी के नगरी में चुनावी सभा में कहा कि सरकार में आते ही हमने पीएम मोदी की सभी प्रमुख गारंटियों को सांय-सांय पूरी की। लोकसभा चुनाव के बाद भी मोदी की बची गारंटियों को भी सांय-सांय पूरा करेंगे। उन्होंने भूमिहीन श्रमिकों को 10 हजार रुपये और 500 रुपये में सिलेंडर देने के वादे को भी पूरा करने की बात कही।

### भूपेश पर 508 करोड़ रुपये का प्रोटेक्शन मनी लेने का आरोप

मुख्यमंत्री ने कहा कि भूपेश बघेल ने महादेव को भी नहीं

छो?ा। सट्टा एप को निर्बाध रूप से चलाने के लिए 508 करोड़ रुपये का प्रोटेक्शन मनी लेने का उन पर आरोप है और एफआईआर भी दर्ज हुआ है। ऐसे लोगों को लोकसभा चुनाव में भी सबक सिखाना है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अपराधगढ़ बना दिया, घोटाले का गढ़ बना दिया। कांग्रेस की सरकार ने कोयला में 25 रुपया प्रति टन के हिसाब से कमीशन लिया।

### कांग्रेस ने युवाओं के भविष्य से खिलवा किया

इससे पहले केशकाल के चुनावी सभा में पूर्व की भूपेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि ने 5 साल में गरीबों को पक्के आवास न देकर उन्हें बेघरबार करने का पाप किया था, लेकिन हमारी सरकार बनते ही हमने 18 लाख परिवारों के लिए पक्के आवास को मंजूरी दी।

पीएससी में घोटाला कर कांग्रेस ने प्रदेश के होनहार बेटे-बेटियों के भविष्य से खिलवाड़ किया, हमारी सरकार के वादे के अनुसार घोटाले की सीबीआई जांच शुरू हो गई है। दोषीदार जल्द ही जेल में होंगे। बस्तर संभाग के संवेदनशील गांवों के रहवासियों को भी सारी मुलभूत सुविधाएं मिले, इसके लिए हमने नियद नेल्लानार योजना की शुरुआत की । इसके अंतर्गत ग्रामीणों को राशन, सड़क, स्वच्छ पेयजल, बिजली, स्कूल, अस्पताल सारी सुविधाएं मिल रही हैं। चरण पादुका जैसी योजनाएं, जिसे भूपेश सरकार ने बंद कर दिया था उसे भी दोबारा शुरू करेंगे।

# बालोद पुलिस ने मारा छापा, सात जुआरी पकड़ाए

बालोद (दावा)। पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार जोशी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुण्डरदेही गीता वाधवानी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अर्जुन्दा टीम द्वारा लोकसभा चुनाव व कानून/सुरक्षा व्यवस्था के मददेनजर मुखबीर की सूचना पर टीम गठित कर थाना अर्जुन्दा क्षेत्र में ग्राम सलोनी बरगद पेड के पास तांदुला नदी के किनारे आम जगह पर जुआ खेल रहे कुल 07 आरोपियों को पकड़ा गया।

मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम सलोनी बरगद पेड़ के पास तांदुला नदी के किनारे पर कुछ जुआडियान रूपये पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है कि सूचना तस्दीक पर थाना अर्जुन्दा पुलिस टीम द्वारा मुखबीर के बताये अनुसार घटनास्थल पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में कुल 07 आरोपी पकडे गये जिनके कब्जे से 52 पत्ती ताश, नगदी रकम 22,500 रूपए व घटनास्थल के पास से 03 नग मोटर सायकल जप्त किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरी. मनीष शेन्डे , सउनि विश्वजीत मेश्राम, प्र.आर. विरेन्द्र साहू आर. भुपत दास मानिकपुरी आर. तेजराम साहू आर. दमन वर्मा आर. भालेश्वर देवांगन का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

घटनास्थल के पास से 03 नग मोटर सायकल कीमती 1,05,000 रूपये कुल जुमला कीमती 1,27,500 रूपये जप्त किया गया है। जुआ खेल में आरोपी सनत साहु पिता सुखदेव साहु उम्र 23 साल निवासी कोटिया थाना पदनाभपुर जिला दुर्ग, शत्रुघन मिरचे पिता नरेश उम्र 23 साल निवासी कोटिया थाना पदनाभपुर जिला दुर्ग, कुशल साहु पिता स्व0 त्रिलोचन साहु उम्र 28 साल निवासी बुच्चीभरदा चौंकी सुरगी जिला राजनांदगांव, पंकज साहु पिता कोमल साहु उम्र 23 साल निवासी बुच्ची भरदा चौंकी सुरगी जिला राजनांदगांव, धनेश्वर निषाद पिता अलन निषाद उम्र 21 साल निवासी ग्राम सलोनी थाना अर्जुन्दा जिला बालोद, मोहम्मद अकरम पिता करीम खान उम्र 29 साल निवासी वार्ड नंबर 14 गुण्डरदेही थाना गुण्डरदेही जिला बालोद, भुपेश साहु पिता रामचरण साहु उम्र 41 साल निवासी चंदखुरी थाना पुलगांव जिला दुर्ग पकड़ाये है।

## पहला कॉलम...

### डिप्टी सीएम शर्मा न प्रदेश को सम्हाल पा रहे हैं और न ही अपने जिले को - भूपेश बघेल

कवर्धा (दावा)। भूपेश बघेल आज राजनांदगांव लोकसभा अंतर्गत कबीरधाम जिले के रेंगाखार जंगल पहुंचे हुए थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा और संतोष पाण्डेय के बयान का जवाब दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने डिप्टी सीएम विजय शर्मा के नक्सलियों वाले बयान पर पलटवार किया है। डिप्टी सीएम गृहमंत्री भी है, वह ना प्रदेश को संभाल पा रहे और ना ही अपने जिले को। कवर्धा में 13 हत्याएं हो गई। कहां है डिप्टी सीएम उन्होंने कहा कि लगता है डिप्टी सीएम विजय शर्मा की अभी से स्मृति क्षीण होने लगी है, जबकि अभी तो वो नौजवान हैं। यदि नक्सलियों की बात करें तो विद्याचरण शुक्ल, महेन्द्र कर्मा, नंद कुमार पटेल, उदय मुदलियार जैसे दर्जनों हमारे नेता नक्सलियों के हमले में शहीद हुए थे।

### मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

राजनांदगांव (दावा)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज एवं केंद्र सरकार, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों व डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड एवं सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# देश के किसानों का विकास भाजपा की पहली प्राथमिकता-कोमल सिंह राजपूत

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा किसानों की चिंता की है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि के तहत छोटे-छोटे सीमांत किसानों की चिंता करते हुए प्रतिवर्ष 6000 की राशि उनके खातों में सीधे ही भेजने का कार्य किया है, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही हैं। श्री राजपूत ने कहा कि मोदी जी की सोच में देश का उत्पादक अगर सुखी नहीं होगा तो देश तरक्की नहीं कर सकता इसलिए किसानों के हित में कई योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा चुका है।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब तक 1.4 लाख करोड़ का भुगतान 48 करोड़ किसानों को किया जा चुका है, साथ ही कृषि लागत का 50 प्रतिशत से अधिक फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य देखकर किसानों को लाभ प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से 92 हजार करोड़ रुपये आबंटन किए गए एवं 78

लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हुई है, 2.55 लाख करोड़ रुपए आबंटित कर उर्वरकों की किफायती पहुंच सुनिश्चित की गई है। 2500 रुपए की लागत वाला उर्वरक रू 300 में किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार के माध्यम से 1361 मंडियों से 1.8 करोड़ किसान और 2.5 लाख व्यापारी जुड़े हैं मोदी सरकार ने कृषि संरचना कोष के अंतर्गत कृषि क्षेत्र के विकास हेतु 1 लाख करोड रुपए आबंटित किए हैं। प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के तहत 6000 करोड़ रुपये की स्वीकृति के साथ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा कुल 1401 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है मोदी सरकार के कार्यकाल में अथक प्रयासों से भारत के खाद्यान्न उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। श्री राजपूत ने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में 42 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि कर भारत का कृषि निर्यात अब 4 लाख करोड़ से अधिक का हो गया है। 2014 से पहले जहां कृषि क्षेत्र के लिए सिर्फ 27049 करोड़ आबंटित किए गए थे, वहीं मोदी सरकार के द्वारा कृषि क्षेत्र के लिए 2023-24 के बजट में लगभग 6 गुना की वृद्धि कर 125035 करोड़ का आबंटन किया गया है, मुद्रा गुणवत्ता की जानकारी हेतु 23.58 करोड़ से ज्यादा मॉडल हेल्थ कार्ड वितरित किए गए हैं।

भारत सरकार ने कृषि के साथ-साथ राष्ट्रीय पशुधन विकास के लिए भी 197.67 करोड रुपए स्वीकृत किए हैं, इसी प्रकार एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत 9.11 लाख किसानों को बागवानी के लिए प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत द्वारा एशिया में बाजार का 80 प्रतिशत और दुनिया में 40 प्रतिशत से अधिक उत्पादन किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत 7.5 करोड़ कार्ड किसानों को वितरित किए गए हैं कृषि क्षेत्र के संस्थागत ऋण को 13-14 में 7.3 लाख करोड़ से बढ़कर 22-23 में 21.55 लाख करोड़ कर दिया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से सस्ते संस्थागत ऋण के लाभ को अब पशुपालन और मत्स्य पालन के किसानों को भी दिया जा रहा है।

# बीजेपी चुनाव प्रभारी नबीन का चार दिनी तूफानी दौरा; कार्यकर्ताओं को देंगे मंत्र

रायपुर। लोकसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक पार्टियां अपनी चुनावी तैयारी तेज कर दी है। छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी नितिन नबीन आगामी 4 अप्रैल तक प्रदेश के लोकसभा क्षेत्रों के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान प्रत्याशियों की नामांकन रैलियों में शामिल होंगे। कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाएंगे।

भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी नबीन एक अप्रैल को सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक कांकेर, भानुप्रतापपुर, सिहावा, अंतागढ़, केशकाल विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे धमतरी पहुंचेंगे। दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक धमतरी, कुरुद, राजिम, बिंद्रानवागढ़ विधानसभा की बैठक लेंगे। शाम छह बजे धमतरी से कार से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, रायपुर पहुंचेंगे।

इसी क्रम में दो अप्रैल को हेलीकॉप्टर से सुबह 11 बजे कांकेर पहुंचेंगे और भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग की नामांकन रैली में शामिल होंगे। इसके बाद कांकेर से गुरूर के रास्ते कार से शाम चार बजे राजनांदगांव पहुंचेंगे, जहां शाम 7 बजे तक डोंगरगढ़, डोंगरगांव, खुज्जी, मानपुर-मोहला विधानसभा की बैठक लेने के बाद फिर रायपुर लौटेंगे।

प्रदेश चुनाव प्रभारी तीन अप्रैल को कार से सुबह 11 बजे महासमुंद पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी की नामाकंन रैली में शामिल होंगे। इसके बाद नबीन दोपहर ढाई बजे रवाना होकर शाम 4 बजे दुर्ग पहुंचेंगे और दुर्ग लोकसभा कोर कमेटी, लोकसभा प्रबंध समिति की बैठक लेंगे। इसके बाद 7 बजे दुर्ग, दुर्ग ग्रामीण, वैशाली नगर, भिलाई नगर विधानसभा की बैठक करेंगे।

वहीं चार अप्रैल को सुबह साढ़े 10 बजे दुर्ग से कार से रवाना होकर साढ़े 11 बजे राजनांदगांव पहुंचेंगे। यहां वे भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय की नामांकन रैली में शामिल होंगे। इसके बाद राजनांदगांव से रवाना होकर नबीन शाम 4 बजे रायपुर के प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे और शाम साढ़े 5 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## रूचि महिला मंडल से प्रशिक्षित मातृ शक्ति आत्मनिर्भर बनकर भारत की उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रही है

राजनांदगांव (दावा)। तू जाग चल, बढ़ा कदम की मंजिलों को पाना है... धैर्य, यत्न और श्रम तेरे सफर का तराना हैं। ये चंद पंक्तियां महिला सशक्तिकरण की सशक्त हस्ताक्षर श्रीमती रचना शर्मा के ऊपर सटीक बैठती हैं। उन्होंने महिलाओं को एक नई दिशा देकर साबित कर दिया कि हौसलों की सुई में सपनों का धागा डालकर सफलता को न सिर्फ भुना जा सकता है, बल्कि जिंदगी में खुशियों के रंग भी भरे जा सकते है, उनकी संस्था रुचि महिला मंडल ने 10 हजार जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भरता के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया है, जिसमें 5000 महिलाएं प्रशिक्षण उपरांत अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर अपने परिवार को आर्थिक संबल प्रदान कर रही हैं।

रूचि महिला मंडल की स्थापना 1996 में श्रीमती पीयूष शुक्ला द्वारा की गई थी, वह श्रीमती रचना शर्मा की मां हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन महिलाओं के उत्थान के लिए काम किया है। एक छोटे से विचार से शुरू हुई ये शुरुआत अब एक बडे बदलाव में परिवर्तित हो गई है। वर्तमान में रचना शर्मा इस संगठन की बागडोर संभाल रही हैं। इस संस्था से प्रशिक्षित मातृ शक्ति न केवल आत्मनिर्भर बनकर अपनी आजीविका चला रही हैं बल्कि भारत की प्रगति का मार्ग भी प्रशस्त कर रही हैं।

वह कहती है कि-मुझे लगता है कि हर एक लडकी और महिला को काम करना चाहिए। जरुरी नहीं कि जब जरूरत पडे आप तभी कमाएं, बल्कि आपको अपनी खुद की एक पहचान और आत्म-विश्वास के लिए अपने पैरों पर खड़े होना चाहिए। इसलिए जिस भी चीज में आपकी रूचि है आप वह काम कीजिए, लेकिन काम जरूर करना चाहिए। हिम्मत और कुछ कर गुजरने का माद्दा हो तो कठिन से कठिन राहें भी आसान हो जाती हैं और प्रगति की यही मिसाल पेश कर रही है रूचि महिला मंडल। छत्तीसगढ़ की मेहनती महिलाओं को रोजगार की दिशा में आत्मनिर्भर बनाने की यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय है। श्रीमती रचना शर्मा की दूरगामी सोच है कि आप अपनी तीव्र बुद्धि से चाहे कितनी भी जानकारी जुटा लें, सफलता का रास्ता अभ्यास और प्रशिक्षण से ही खुलता है।

## सांसद संतोष पाडे से कलश स्थापना भवन एवं उद्यान निर्माण की मांग

राजनांदगांव (दावा)। शिवशक्ति सार्वजनिक धर्मार्थ सेवा समिति दीनदयाल नगरवासियों द्वारा सांसद संतोष पाण्डे से वार्ड नंबर 6 चिखली दीनदयाल उपाध्याय नगर में माता परमेश्वरी भवन के बाजू में स्थित शिव शक्ति मंदिर से लगी हुई रिक्त भूमि पर कालोनीवासियों के लिए उद्यान निर्माण व मंदिर परिसर में कलश स्थापना भवन निर्माण की मांग की गई है। उक्त हेतु गूंजा मेश्राम, तेजराम साहू आदि द्वारा सांसद को ज्ञापन सौंपा गया है।

## पश्चिम बंगाल की जलपाईगुड़ी में आंधी-पानी ने बरपाया कहर, चार की मौत, दर्जनों घर तबाह

इंदौर। पश्चिम बंगाल की जलपाईगुड़ी जिले में आंधी-पानी ने कहर बरपाया है। जिले के अलग-अलग हिस्सों में आंधी की वजह से तबाही मच गई है। चार लोगों के मरने की जानकारी सामने आई है। कई घायल हो गए हैं। आंधी में हवा इतनी तेज थी कि टीन के डिब्बे से बने घर पूरी तरह से उखड़ गए। इस आंधी की वजह से घायल हुए लोगों को प्रशासन ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

पेड़ गिरने से हुई युवक की मौत

जानकारी के अनुसार चार लोगों की इस तेज आंधी की वजह से मौत हो गई। इनमें एक नाम दीजेंद्र नारायण सरकार का भी है। वह 52 साल के थे। वह सेनपाड़ा के कालीताला रोड पर रहते थे। एक महिला अनिमा राय (49) की मौत हो गई। वह जलपाईगुड़ी के गौशाला मोड़ इलाके में रहती थीं। योगेन राय पुटीमारी मैनागुड़ी के निवासी की मौत इसमें हो गई है। सुकांत नगर इलाके में पेड़ पर से एक व्यक्ति की गिर कर मौत हो गई। युवक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

## छत्तीसगढ़ में कोरोना के 11 नए मरीज मिले

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में शनिवार को कोरोना के 11 नए मरीज मिले हैं। दुर्ग में 10, और बालोद में 1 मरीज की पहचान हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने कुल 241 लोगों की जांच की थी। वर्तमान में प्रदेश में 14 एक्टिव केस हैं। हेल्थ डिपार्टमेंट के मुताबिक प्रदेश में कोरोना संक्रमण की पॉजिटिविटी दर 4.56 प्रतिशत है।

दरअसल, प्रदेश में कोरना की रफ्तार थम गई थी लेकिन 28 मार्च के बाद कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते दिख रहे है। दुर्ग और बालोद के अलावा रायपुर में 2 और धमतरी में 1 कोरोना संक्रमण के एक्टिव केस हैं। स्वास्थ्य विभाग ने खांसी बुखार या कोरोना से संबंधित कुछ लक्षण नजर आने पर जांच की अपील भी की है। लोग अपने नजदीकी जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाकर जांच करवा सकते हैं।

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202403092200056

विषय:-ब-121 मामले की श्रेणी:-राजस्व सन:-2023-24 डोंगरगढ़ प.ह.नं. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार - गोकुल दास साहू
अनावेदक पक्षकार -

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोकुल दास साहू आ. थनवार साहू जाति तेली सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के माता खोरबाहरीन पति थनवार साहू का मृत्यु दिनांक 08.05.2015 को स्थान ग्राम नागतराई में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.04.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/03/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार, तहसील डोंगरगढ़

# भाजपा का लक्ष्य राष्ट्र को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना है-रमेश पटेल

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा देश की सेवा करने वाली पार्टी है, भाजपा जो कहती है, उसे करके दिखाती है। 1952 में हमने संकल्प लिया था कि एक देश में दो निशान दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। कश्मीर से धारा 370 समाप्त करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाया। भगवान श्रीराम 500 वर्षों तक टेंट में रहे। तब भाजपा ने नारा दिया, रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे।

भाजपा ने जनभावनाओं के अनुरूप 500 साल बाद अयोध्या में भगवान श्री राम को पुनः प्रतिष्ठित किया। श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश को आगे बढ़ना चाहते हैं और इसके लिए दिन-रात काम करते हैं। भाजपा सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है। आज श्री मोदी दुनिया के सबसे बड़े नेता एवं सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी पार्टी को पुनः केंद्र की सत्ता में बैठाना देश के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य कभी सत्ता प्राप्ति नहीं रहा है। भाजपा हमेशा राष्ट्र को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने

के लिए कार्य करती है। सत्ता तो केवल माध्यम है। भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वप्रथम है और वह देश के लिए काम करती है। देश में पांच बार भाजपा की सरकार बनी, जिसमें तीन बार भारतरत्न श्रद्धेय अटलबिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने और देश को आगे बढ़ाने का काम किया, वहीं दो बार 2014 और 2019 में फिर से भाजपा की सरकार बनी और प्रधानमंत्री श्री मोदी देश को आज विश्वगुरु बनाने के लिए कार्य कर रहे हैं। श्री पटेल ने कहा कि राष्ट्र का नाम विश्व पटल में ऊँचा हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिन-रात काम कर रहे हैं, राष्ट्र की सुरक्षा के लिए काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए श्री पटेल ने कहा कि आज स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, आवास, सहित कई जन हित के विषयों पर भाजपा की सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी आज पूरी दुनिया का नेतृत्व कर रहे हैं। आज पूरी दुनिया कह रही है कि रूस और यूक्रेन के युद्ध को प्रधानमंत्री श्री मोदी रोक सकते हैं। कोरोना महामारी के लिए देश को एक नहीं दो-दो वैक्सीन दिए और 165 देशों में भारत निर्मित वैक्सीन का निर्यात भी किया। श्री पटेल ने कहा कि भाजपा मोदी की गारंटी को लेकर कार्य कर रही है।

भाजपा ने प्रदेश की जनता से वादा किया था कि भाजपा का मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री निवास में जाने से पहले लंबित प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति देगा। प्रदेश के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी 3100 रुपए में की गई, अंतर की राशि 12 मार्च को किसानों के खातों में सीधे जमा की गई। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की सभी विवाहित महिलाओं के खातों में 1000 रूपए 10 मार्च को भेज दिए गए हैं। किसानों के दो वर्षों के धान के बोनस का भुगतान भी कर दिया गया है। प्रदेश की भाजपा सरकार का लक्ष्य मोदी की गारंटी को पूरा करना है। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण भाजपा ने ही किया है और भाजपा ही संवार रही है। श्री पटेल ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की है कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के लिए एक जुट होकर कार्य करें।

# कोटवारों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा नहीं, सात माह से मानदेय भी नहीं मिला

**आर्थिक संकट से जूझ रहे कोटवार, परिवार चलाना हो रहा मुश्किल**

राजनांदगांव (दावा)। देश को आजाद हुए 75 वर्ष से ऊपर हो गया लेकिन कोटवारों को आज तक शासकीय कर्मचारी का दर्जा प्राप्त नहीं हो सका है। जबकि इनके द्वारा शासकीय कार्यों सहित गाँव की चौकीदारी से लेकर होने वाली घटनाएं व पुलिस तक तत्संबंधित सूचना पहुंचाने का कार्य लिया जाता है, जो शासकीय कर्मचारी के घर का काम है। इसके बावजूद इन्हें आज पर्यंत उक्त दर्जा नहीं दिया जा सका है।

बता दे कि छत्तीसगढ़ से लगे प्रांत ओडिसा, महाराष्ट्र, झारखण्ड में कोटवारों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा प्राप्त है, जबकि छत्तीसगढ़ के लगभग 6 हजार कोटवार इससे अभी तक वंचित है। यहीं नहीं इन्हें प्रतिमाह तय समय पर मानदेय भी नहीं मिल पाता, जिसके कारण उनके समक्ष आर्थिक संकट विद्यमान रहता है। बताया जाता है कि जिले के कोटवारों को गत सितंबर माह से मानदेय नहीं मिला है। इससे इन्हें आर्थिक संकटों से गुजरना पड़ रहा है। बता दे कि कोटवारों को 3 हजार से अधिकतम 6 हजार तक मानदेय मिलता है। इतने कम पैसे में इन्हें बड़ी मुश्किल से अपने परिवार का गुजारा करते है। ऐसी स्थिति में छः-छः, सात-सात महिने तक मानदेय नहीं दिया जाना कोटवारों के साथ अन्याय है। कोटवार संघ के तहसील अध्यक्ष लोभ सिंग ने बताया कि बड़े मुश्किल से कुछ माह के मानदेय भेजे गए है।

इसके बाद की तीन चार माह के मानदेय रूके पड़े है। इसी तरह जिला कोटवार संघ के शिवा कुमार चौहान के अनुसार कोटवारों के मानदेय भुगतान की कोई समय सीमा नहीं है। शासन के स्पष्ट आदेश के बाद भी कोटवारों को मानदेय कभी नियमित रूप से प्रथम सप्ताह में नहीं दिया जाता है। जबकि कोटवारों से बहुधा मजदूरों की तरह काम लिया जाता है।

### नौकरी से निकाल देने की धौंस

तहसील कोटवार संघ के अध्यक्ष ने बताया कि अभी उनकी चुनावी डयूटी भी लगी हुई है। इस तरह उन्हें अनेक प्रकार के बेगारी कार्य करवाए जाते है, जो उनके लिए एक शारीरिक, मानसिक व आर्थिक रूप से प्रताड़ना की तरह है। बताया जाता है कि तहसील स्तर पर अधिकारी नौकरी से निकाल देने की धौंस देकर मजदूरों की तरह कार्य ले रहे है। बताया तो यहां तक जाता है कि ब्रिटिशकाल में मिली उन्हें माल गुजारी की जमीन जिसकी लंबी लड़ाई के बाद मालिकाना हम भी प्राप्त हो गया था, लेकिन उसे भी वापिस लिया जा रहा है। इतना ही नहीं 100 वर्षों से अधिक समय से कोटवारों के अधिपत्य की उक्त जमीन से उन्हें दिखावा किया जा रहा है, इससे कोटवारों में दहशत व्याप्त हैं। कोटवारों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दौरान उन्हें आस थी कि कोटवारों के साथ नई सरकार आने पर अन्याय नहीं होगा। समय पर मानदेय मिलने के साथ-साथ उन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा दिए जाने के संबंध में रूचि की जाएगी लेकिन प्रदेश में नई सरकार के आने के बाद भी उनकी पीड़ा व परेशानी की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# प्रदेश में फिर से पैर फैलाने लगा कोरोना

**शहर में डायरिया के बाद मिले डेंगू के मरीज, लोगों में दहशत**

राजनांदगांव (दावा)। महामारी के रूप में पूरे विश्व भर में कई लोगों की जान लेकर दहशत फैला चुकी कोरोना छत्तीसगढ़ में फिर से पैर फैलाने लगा है। प्रदेश में इसके 11 ने मरीज मिलने की बात सामने आ रही है। दुर्ग में इसके 10 और बालोद में 1 मरीज की पहचान हुई है। छत्तीसगढ़ में कोरोना के फिर से पैर फैलाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग एलर्ट हो गया है।

बता दें कि शहर के चिखली वार्ड में डायरिया फैलने की शिकायत के बाद एक डेंगू के मरीज मिलने से लोगो में दहशत फ़ैल गई है। इधर शहर में डेंगू के मरीज मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। वार्ड में डेंगू के मरीज का पता चलते ही उसे मेडिकल कालेज हास्पीटल, पेंड्री में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शंकरपुर निवासी 18 वर्षीय युवक नयन को पिछले कुछ दिनों से लगातार बुखार आ रहा था। स्थानीय स्तर पर उसकी दवाई जारी था। इसके बाद भी दवाई का कोई असर नहीं हो रहा था। चिकित्सकों की सलाह पर लेबोरेटरी में जांच कराई जाने पर रिपोर्ट डेंगू रोग से संबंधित पाज़ीटिव आई। इस पर उसके परिजनों ने उसे मेडिकल कालेज हास्पीटल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है।

बता दें कि पिछले कुछ दिनों से चिखली वार्ड में लगातार डायरिया पीड़ित मिलते जा रहे हैं कि यहां कुछ बच्चों के डायरिया पीड़ित मिलने पर उन्हें जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सिविल सर्जन डॉ यू.के. चंद्रवंशी की मानें तो यहां दो बच्चों को भर्ती कराया गया है। वार्ड में डायरिया फैलने की वजह गंदा पानी का पुराने पाइप लाइन से प्रवेश कर जाना बताया जा रहा है। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने उक्त पुराने पाइप लाइन को तत्काल बंद करा दिया है।

इधर प्रदेश में कोरोना के सिर उठाते ही जिला स्वास्थ्य विभाग एलर्ट हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में 14 एक्टिव केस है। वहीं हेल्थ डिपार्टमेंट के मुताबिक प्रदेश में कोरोना संक्रमण की पाजिटिविटी दर 4.56 प्रतिशत है। बताते चले कि प्रदेश में कोरोना की रफ्तार थम गई थी लेकिन 28 मार्च के बाद से कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ते में दिख रहे हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग का सक्रिय होना स्वाभाविक है वहीं शहर में डायरिया के बाद डेंगू के मरीज मिलते ही स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है वहीं लोगों में भर का वातावरण भी बन गया है।

# नक्सलियों ने लौह अयस्क से भरे ट्रकों में लगाई आग, पूरे इलाके में दहशत

नारायणपुर। नारायणपुर जिले के छोटे डोंगर में एक बार फिर नक्सलियों ने उत्पात मचाया है। आमदई माइंस की लौह अयस्क भरी चार ट्रकों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। छोटेडोंगर थाना से महज कुछ ही दूरी पर नक्सलियों ने घटना को अंजाम दिया है।

छोटेडोंगर के हाई स्कूल के पास चारों ट्रक खड़े थे, जहां बीती रात नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। नक्सलियों की इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। गौरतलब हो कि बीते कल ही नारायणपुर के अबूझमाड़ के जंगलों में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई थी। एंटी नक्सल ऑपरेशन में निकले जवानों के साथ 48 घंटे के अंदर तीन बार मुठभेड़ हुई थी। जहां जवानों को भारी प?ता देख नक्सली भाग निकले थे। इलाके में सर्चिंग करने पर घटना स्थल से भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद किया गया था। वहीं जवानों ने पांच किलो के आईडी बम को निष्क्रिय किया था।

# नए सत्र में नहीं खुलेंगे नए आत्मानंद स्कूल

**पुराने स्कूलों में ही होंगे एडमिशन, पहली कक्षा के लिए उम्र सीमा तय**

रायपुर। नए सत्र में रायपुर में एक भी नया स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय नहीं खोला जाएगा। पहले से चल रहे स्कूलों में ही बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। इन स्कूलों का संचालन स्कूल शिक्षा विभाग करेगा। स्कूलों के लिए नियमों में कुछ बदलाव किए गये हैं। अब तक यह स्कूल कलेक्टर की अध्यक्षता वाली समिति संचालित कर ही थी।

दरअसल, रायपुर में स्वामी आत्मानंद के कुल 36 स्कूल हैं। जिसमें उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम के 33 स्कूल हैं। पिछले साल 5 स्कूल खोले गए थे। इन स्कूलों में केवल पहली से 9वीं तक ही प्रवेश हुए थे। जबकि शशिबाला स्कूल का भवन जर्जर होने से वहां आत्मानंद स्कूल शुरू ही नहीं हो पाया था। लेकिन नए सत्र से वहां भी पढ़ाई शुरू होगी। इनमें अभी अभी 40-40 सीटों पर एडमिशन हुआ है।

### 50-50 सीटों में होगा एडमिशन

सभी स्कूलों में कक्षा पहली से 12वीं तक के लिए 50-50 सीटें हैं। इसमें कुछ सीटें महतारी दुलारी योजना के तहत प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए आरक्षित है। जानकारी के मुताबिक, कक्षा पहली में प्रवेश के लिए बच्चों की उम्र सीमा तय की गई है। इसके अनुसार पहली में प्रवेश लेने वाले बच्चों की उम्र 5 साल से साढ़े 6 साल के बीच ही होना चाहिए। इससे कम और ज्यादा उम्र के बच्चों को पहली में एडमिशन नहीं दिया जाएगा।

### पिछले सत्र में आयु सीमा में हुआ था बदलाव

पिछली बार छात्रों की सुविधा के लिए आयु सीमा में बदलाव किया गया था। कक्षा-1 में प्रवेश के लिए उम्र की गणना 31 मार्च के बजाय 31 मई 2023 के आधार पर की गई थी। इसी तरह कक्षा-2 से 12वीं तक अंग्रेजी मीडियम के बच्चों का ही एडमिशन होगा। इसका सत्यापन उनकी टीसी और मार्कशीट से किया जाएगा। चर्चा यह भी है कि प्रदेश में आगामी शिक्षक भर्ती इन स्कूलों में भी हो सकती है। हालांकि इसको लेकर अभी चर्चाओं का दौर शुरू हुआ है। उम्मीद है जल्द ही भर्ती से संबंधित फैसला लिया जाएगा।

### पहली कक्षा के लिए होड़

नए आत्मानंद अंग्रेजी स्कूलों में एडमिशन के लिए काफी होड़ है। पिछली बार कक्षा पहली के लिए ही हर स्कूलों में 500 से 800 आवेदन आए थे। किसी भी तरह बच्चों के एडमिशन के लिए परिजनों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में आवेदन भरे थे। पिछले साल शुरू हुए नए 5 स्कूलों में से कई बच्चों के नाम 3 से 4 स्कूलों में भी शामिल थे।

# केंद्रीय विद्यालयों में आज से शुरू होगी दाखिले की प्रक्रिया

रायपुर। केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया एक अप्रैल से शुरू हो रही है, जो 15 अप्रैल तक चलेगी। कक्षा एक के लिए आनलाइन आवेदन किए जाएंगे। कक्षा दो से 12वीं तक (11वीं को छोड़कर) प्रवेश के लिए आफलाइन आवेदन करना होगा। प्रदेश में कुल 37 केंद्रीय विद्यालय है। इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में आवेदन मिलते हैं।

रायपुर में तीन केंद्रीय विद्यालय है, सबसे ज्यादा सीटें डब्ल्यूआरएस स्थित केवी-1 में हैं। यहां दो पाली में स्कूल लगता है, दोनों पाली में 160-160 सीट यानी 320 सीटों में छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। डीडी नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय में पहली कक्षा में 160 सीटें है। केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी kvsonlineadmission.kvs.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

### 15 अप्रैल तक चलेगी आवेदन की प्रक्रिया

जारी अधिसूचना के मुताबिक पहली कक्षा के लिए 15 अप्रैल तक आवेदन प्रक्रिया चलेगी। इसके बाद लाटरी के माध्यम से छात्रों का चयन किया जाएगा। पहली चयन सूची 19 अप्रैल, दूसरी 29 अप्रैल और तीसरी सूची आठ मई को जारी की जाएगी।

# बिहान की महिलाओं द्वारा ग्रामीणों को मतदान के लिए किया जा रहा जागरूक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2204 अंतर्गत राजनांदगांव जिले में 26 अप्रैल को शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में बिहान योजना अंतर्गत समूह की महिलाएं अपने-अपने ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को जागरूक कर रहीं है। अविभाजित राजनांदगांव जिले के सदस्यों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया है और आगे भी ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक करने का कार्य कर रहीं है। कार्यक्रम के दौरान समूह की महिलाओं द्वारा रैली निकालकर, हाथों में मेंहदी लगाकर, रंगोली, मानव श्रृंखला बनाकर शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों से अपील करते हुए जागरूकता किया जा रहा है।

विशेष रूप से महिलाओं द्वारा ग्राम संगठन स्तर पर समूह की महिलाओं से मतदान वचन का शपथ भी दिलाया जा रहा है। साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को मतदान करने प्रेरित करने कहा जा रहा है। इस प्रकार से ग्रामीण अंचल में बिहान स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु अभिनव प्रयास किया जा रहा है, जिससे जिले में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

सभी 9 विकासखंड अंतर्गत अब तक लगभग 650 ग्राम संगठनों से जुड़े लगभग 1 लाख से अधिक स्वसहायता समूह की महिला

# सरप्लस बिजली वाले राज्य में बिजली की कटौती दुखदाई - राहुल तिवारी

कांग्रेस ने बिजली बिल हाफ किया, भाजपा बिजली हाफ कर रही है

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने लगातार बिजली कटौती पर साय सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि अघोषित बिजली कटौती से हर वर्ग परेशान है। इसमें सवाल उठता है क्या वास्तव में हमारा छत्तीसगढ़ राज्य सरप्लस बिजली वाला राज्य नही रहा है ? छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही जनहितकारी योजनाएं एवं कार्य सांय-सांय बंद होते जा रहे हैं। स्थिति तो यही बता रही है। छत्तीसगढ़ वासियों के हिस्से की बिजली आखिर कहां जा रही है।

तिवारी ने कहा कि बिजली कटौती करने से व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। रात्रि में तो कभी दो से तीन घंटे बिजली सप्लाई नहीं की जाती है। ग्रामीण क्षेत्र में हालात और भी बदतर है। 40 डिग्री के तापमान में बिजली की कटौती किसी प्रताड़ना से कम नहीं है। 21वीं सदी के भारत में भी रोशनी के लिए अब आम जनता मोमबत्ती और लालटेन का उपयोग कर अपना कार्य चला रहे हैं। बिजली के द्वारा चलने वाले व्यवसायियों के यहां दिन भर बिजली का इंतजार करना पड़ता है।

जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने कहा छत्तीसगढ़ में जब तक कांग्रेस की भूपेश सरकार थी बिजली बिल हाफ किया जाता था अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की साय सरकार ने सांय-सांय बिजली हाफ करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय जिले में देश के सबसे बड़े सोलर प्लांट का दावा किए फिर रहे हैं। जबकि उनका संसदीय क्षेत्र ही बिजली की भारी कटौती से गुजर रहा है। भाजपा राज में दीया तले अंधेरा है।

# महाप्रबंधक द्वारा वर्ष 22-23 के दौरान उत्कृष्ट कार्य हेतु दिलीप सिंह सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वर्ष २०22-23 हेतु प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार (महाप्रबंधक स्तर)का आयोजन दिनांक 28 मार्च को नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट सभागार बिलासपुर में किया गया।

इस समारोह में मेजर दक्षता शील्ड के अंतर्गत नागपुर मंडल को कुल 7 शील्ड तथा 12 माइनर शील्ड प्राप्त हुए। इसके अलावा महाप्रबंधक आलोक कुमार द्वारा नागपुर मंडल के अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस समारोह में नागपुर मंडल के दिलीप सिंह, वरिष्ट मंडल वाणिज्य प्रबंधक जो वर्ष 2022-23 में नागपुर मंडल में ही वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे और अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने संरक्षा निरीक्षणों में प्रणालीगत कमियों को ढूंढकर उनके समाधान के लिए 'संरक्षा' नामक निरीक्षण मॉडयूल को विकसित किया जिसे एनएआईआर द्वारा वर्ष का सर्वश्रेष्ठ एमडीपी परियोजना चुना है। साथ ही उन्होंने 'आंकलन' नामक एक और मॉडयूल को भी विकसित किया जिससे कर्मचारियों के संरक्षण ज्ञान को परखने तथा उन्हें उचित परामर्श देने में सक्षम है जो कि संरक्षा सम्बंधित निगरानी रखने एवं कार्य प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण व सहायक है, इस उत्कृष्ट कार्य के लिए आलोक कुमार महाप्रबंधक द्वारा दिलीप सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# आईईडी ब्लास्ट में घायल युवक से मिले विजय शर्मा

रायपुर (आरएनएस)। बीजापुर में हुए आईईडी ब्लास्ट में घायल युवक से मिलने डिप्टी सीएम विजय शर्मा हॉस्पिटल पहुंचे। युवक से मुलाकात कर हालचाल जाना. इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा कि बस्तर का विकास नहीं हो पा रहा है, इसका कारण बस्तर की सड़कों में भींचा हुआ आईईडी भी है.

बीजापुर के गंगालूं थाना क्षेत्र में रहने वाला गुड्डू मेकाम (18 वर्षीय) आईईडी के विस्फोट में घायल हो गया है, जिसे उपचार के लिए रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायल युवक से मुलाकात करने रविवार को डिप्टी सीएम विजय शर्मा पहुंचे. इस दौरान उन्होंने कहा कि आईईडी जो लगा है वह किसी को नहीं पहचानता. जानवर व ग्रामीण दोनों ही आहत हो रहे हैं. 11 तारीख को इस घटना के होने के बाद भी इन्हें रोक कर रखा गया. ऐसी और भी कई घटनाएं हैं. गांव वालों ने जब दबाव बनाया, तब जाकर इन्हें छोड़ा गया।

विजय शर्मा ने कहा कि आज भी नारायणपुर में नक्सलियों ने कुछ ट्रकों में आगजनी की है. कुछ आत्मसमर्पण भी हुआ है. आत्म समर्पण की प्रक्रिया बहुत तेजी से बढ़ी है. आत्मसमर्पण की प्रक्रिया विश्वसनीय हो, सरल हो, नई जीवन की शुरुआत को प्रेरित करने वाला हो, ऐसा हम और प्रयास कर रहे हैं।

# लोहिया पेपर एंड बोर्ड प्रा. लिमिटेड में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

रायपुर (दावा)। लोहिया पेपर एंड बोर्ड प्रा. लिमिटेड रायपुर एवं श्री राम पैथोलॉजिक लैब के संयुक्त तत्वाधान में सीएसआर के अंतर्गत 31 मार्च को सुबह 9 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य परिक्षण शिविर ग्राम-टेकारी बाजार चौक रायपुर छत्तीसगढ़ में सम्पन्न हुआ। जिसमें बीपी शुगर एंड फुल बॉडी चेकअप आदि की विशेष जांच किया गया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि खिलेन्द्र वर्मा (सरपंच) टेकारी, ग्राम-टेकारी बाजार चौक रायपुर छत्तीसगढ़ में और कंपनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार झा के हाथों हुआ। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करा कर लाभ लिया।

# माहे रमजान में इबादत का दौर जारी, बड़ों के साथ बच्चे भी रख रहे रोजा

**सेहरी से इफ्तार तक घरों में औरतों की भी दिनचर्या बदल गई**

राजनांदगांव (आरएनएस)। रमजान के इस मुबारक महीने में रोज़ा-अफ्तार के साथ इबादत का दौर जारी है। नौजवानों और बड़े-बुजुर्गों के साथ बच्चों में भी रोजा रखने का हौसला बरकरार है। इस्लाम में हर इबादत बालिग होने पर फर्ज हो जाती है जिसको पूरा करना जरूरी होता है। औरतों के लिए भी रमजान माह में दिनचर्या बदल गई है। कुरान की तिलावत करना, शाम के वक्त इफ्तार तैयार करना, आधी रात पूरी होने पर सहरी बनाने की तैयारी करना फिर पांच वक्तों की नमाज़ पढ़ना होता है। जिसमें घर की औरतें मसरूफ रहती हैं।

हज कमेटी की सदस्य रुबीना अल्वी बताती है कि अल्लाह रोजेदार के लिए जो अर्ज रखा है, उसका यकीन फर्ज को पूरा कराता है। 11 महीने खाए पिए है एक माह अल्लाह की रज़ा के लिए कुछ भूखा प्यासा रहना चाहिए। रोजा हर बालिग, मोमिन मर्द ओर औरतों पर फर्ज है। अल्लाह के नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का फरमान है, जिसका खुलासा है कि रोजे का बदला अल्लाह खुद अता फ़रमाता है।

समाजसेवी सबीहा गाजी बताती है जितना सवाब मर्दों को मिलता है उतना ही औरतों को घर पर रहकर इबादत करने, नमाजे तरावीह पढ़ने, तिलावते कुरआन में, अल्लाह के जिक्र अजकार में और दरूद शरीफ पढ़ने में मिलता है। जितना वक्त मिले उसको इबादत में लगाना चाहिए। दर हक़ीक़त रोजा इस्लाम के अरकान में से एक अहम अरकान फ़र्ज़ है। बिला उज्र (वास्तविक कारण) के बिना रोजा नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि रोजा नफ्स (इच्छा, शक्ति) को कंट्रोल करना, भूख व प्यास का अहसास दिलाता है।

सबसे बड़ी बात अल्लाह से कुर्ब (करीब) का जरिया है। वहीं उन्होंने कहा कि नौजवानों को भी सावधानी बरतनी चाहिए। बिना वजह धूप में घूमने या गपशप करने बिना मतलब की बातें जिसमें ना दुनिया का फायदा है ओर ना आखिरत का फायदा इससे बचना चाहिए। रोजा रखकर बुराईयों को छोड़ना ताकि आगामी 11 महीने साफ पाक दामिनी ओर अल्लाह ओर उसके रसूल सल्लाहु अलैहि वसल्लम को राजी करने वाली जिंदगी जिएं जिससे लोगों में मोहब्बत अमन इंसाफओर सच्चाई आम हो। रोजेदार औरतें बताती हैं कि उनके घरों में बड़ों के साथ बच्चे भी रोजा रख रहे हैं और इबादत भी कर रहे हैं।

## अनमोल दावा

> यदि गुलाब की तरह खिलना चाहते हैं,तो काँटों के साथ तालमेल की कला सीखनी होगी।

# मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष का ढीला गठबंधन, नहीं दिख रहा 'इंडिया' गुट का जोशो-खरोश

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिस तरह विपक्षी दल एकजुट हुए थे और एक व्यापक आंदोलन की रणनीति बनी थी, उससे लगा था कि वह सत्तापक्ष के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा। मगर अब जब चुनाव की घोषणा हो गई और नामांकन के पहले चरण की प्रक्रिया भी पूरी हो गई है, इस गठबंधन में त्वरा नजर नहीं आ रही है। खासकर सीटों के बंटवारे को लेकर गतिरोध पूरी तरह खत्म नहीं हो पाया है।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में तो सीटों को लेकर पहले ही समझौता हो गया था, मगर बिहार में गतिरोध जारी था। अब काफी मंथन के बाद वहां समझौता हो पाया है। राष्ट्रीय जनता दल छब्बीस, कांग्रेस नौ और पांच सीटों पर वाम दल चुनाव लड़ेंगे। मगर अभी महाराष्ट्र का मामला लटका हुआ है। गठबंधन में नजर आ रही यह शिथिलता किसी रणनीति का हिस्सा नहीं मानी जा सकती। इसमें राजनीतिक दलों की अपनी स्थिति को लेकर हिचक अधिक समझ आती है।

दरअसल, जिस जोशो-खरोश के साथ विपक्षी दलों ने मिल कर च्इंडियाज् गठबंधन बनाया था, वह धीरे-धीरे कमजोर पड़ता गया। इस गठबंधन के अगुआ नीतीश कुमार खुद भाजपा के साथ जा मिले, फिर ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी।

इस तरह दलों के अलग-अलग रास्ता अपनाने से गठबंधन की जो कुछ रैलियां प्रस्तावित थीं, वे भी अभी तक नहीं हो पाई हैं। इससे यह भी जाहिर होता है कि सीटों के बंटवारे को लेकर जो फार्मूला पहले ही तय हो जाना चाहिए था, वह अभी तक अंतिम रूप नहीं ले पाया है, जिसकी वजह से ये अड़चनें बनी हुई हैं। माना जा रहा था कि गठबंधन के दल इस फार्मूले पर सहमत हो जाएंगे कि जिस सीट पर जिसकी जीत की उम्मीद अधिक है, उस पर उसी के प्रत्याशी को उतारा जाएगा।

मगर शायद यह फार्मूला सर्वमान्य नहीं हो पाया। इसी वजह से कुछ सीटों को लेकर अभी तक खींचतान देखी जा रही है। इससे गठबंधन के बारे में गलत संदेश ही जा रहा है। सीटों के निर्धारण में जितनी देर होगी, उतना ही कम समय उन पर उतारे जाने वाले प्रत्याशियों को प्रचार के लिए मिल पाएगा। राजनीति में फैसलों के समय की भी बड़ी अहमियत होती है। सही समय पर फैसले नहीं लिए जाते, तो उसका फायदा आखिरकार विपक्षी दल को मिलता है। इसलिए गठबंधन दलों को अब ज्यादा समय तक सीटों के बंटवारे को लेकर हिचक पाले रखना या मंथन नहीं करना चाहिए।

हालांकि कई बार रणनीति के तहत भी राजनीतिक दल ऐसा दिखाने के प्रयास करते हैं कि वे कमजोर या अनिर्णय की स्थिति में हैं। इस तरह वे प्रतिद्वंद्वी की चालों को भांपने का प्रयास करते हैं। मगर गठबंधन दल अब उस दौर से आगे निकल आए हैं। सत्तापक्ष ने ज्यादातर जगहों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उसके सहयोगी दलों के साथ समीकरण भी स्पष्ट हैं। ऐसे में अब जरूरत है, तो विपक्षी गठबंधन दलों को अपने स्थानीय स्वार्थों और पार्टी नेताओं के दबाव से बाहर निकल कर सत्ता समर के लिए कमर कसने की।

हालांकि गठबंधन के लिए इसे एक अच्छा संकेत माना जा सकता है कि सीटों के बंटवारे में देर जरूर हो रही है, पर अभी तक उनमें एकजुटता बनी हुई है। ऐसा कोई बड़ा विवाद या विद्रोह अभी तक नजर नहीं आया है। यह सत्तापक्ष के लिए अपने आप में किसी चुनौती से कम नहीं।

# विश्व पटल पर नाचा का नाक ऊंचा:दाऊ मंदरा की हो पूजा

**विजय मिश्रा**

भारत का हृदय प्रांत है छत्तीसगढ़। यह एक उत्सव प्रिय राज्य होने के साथ ही लोककलाओं का कुबेर भी है।लगभग वर्ष भर यहां विविध पर्व- उत्सवों का आयोजन होता है। अनादिकाल से ऐसे उत्सवों पर उल्लास की अभिव्यक्ति छत्तीसगढ़ के कलाकार नाचा -गम्मत के माध्यम से करते आ रहे हैं।

छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का अभिन्न अंग नाचा गम्मत का उद्भव मराठा सैनिकों के मनोरंजन साधन 'खड़े साज गम्मत' को माना जाता है। इस विधा में पुरुष कलाकार ही स्त्री पात्र की भूमिका निभाते हैं, जिन्हें 'नाच्या' कहा जाता है। नाच्या से ही नाचा शब्द की उत्पत्ति हुई है।

ऐसे नाचा गम्मत को गांव के चौपाल से विश्व के कपाल पर महिमा मंडित करने में दाऊ मंदरा जी का नाम प्रथम पूज्य है। समूचा छत्तीसगढ़ इसीलिए उन्हें नाचा के पितामह के नाम से सम्मानित करता है। कबीर दास जी की पंक्तियां- जो घर फूके आपनो चले हमारे साथ की तर्ज पर दाऊ मंदरा जी ने नाचा और नाचा के कलाकारों हेतु अपनी पूरी पूंजी लगा दी थी।

छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव से सटे हुए ग्राम रवेली में 1 अप्रैल 1911 को एक समृद्ध मालगुजार परिवार में दाऊ जी का जन्म हुआ। जन्म के साथ ही उन्हें दुलार सिंह साव का नाम मिला और नाम के अनुरूप ही वे अपने स्वभाव के सबके दुलरवा बनते चले गए। छत्तीसगढ़ में मामी, काकी भौजी आदि द्वारा जेठ बेटा, देवर, भांजे आदि का नाम नहीं लेने की परंपरा है। इसी के तहत बचपने में दाऊ जी का पेट मांदर की तरह होने व इससे चलने में मंथर गति का होने के कारण उन्हें मंदराजी कह कर बुलाने लगे जो आगे चलकर दाऊ जी का मंदराजी नाम प्रसिद्ध हो गया।

दाऊ जी को ईश्वर ने छत्तीसगढ़ी कला जगत को विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए ही जन्म दिया था यही वजह थी की बाल्य काल से ही हुए पढ़ाई लिखाई से दूर नाचा गम्मत की ओर अधिक रुचि लेने लगे। उन दिनों नाच का स्तर सतही हुआ करता था, इससे चिंतित दुलार के मन में नाचा को आम से खास बनाने की जिद्द का बीज फूट पड़ा और उन्होंने रावली नाच पार्टी संस्था का गठन 1929 में किया।





नाचा का नशा उनके सिर पर ऐसा सवार हुआ कि घर परिवार के लोग चिंतित हो उठे और उस नशा को नियंत्रित करने की चाहत में दुलार सिंह का विवाह 14 वर्ष की उम्र में भोथली गांव की राम्हिन बाई

## आज दाऊ मंदराजी जन्म दिवस पर विशेष

के साथ कर दिया गया। एक सहपथगामिनी जीवन साथी की भांति राम्हिन जी भी दाऊ जी के कदम से कदम मिलाने लगी।

दाऊ जी ने जनमन में इस तथ्य को भी बखूबी स्थापित किया कि नाचा गम्मत एक संपूर्ण नाट्य विधा है,जिसमें गायन- वादन -नृत्य के साथ-साथ हास्य- व्यंग की मोहक प्रस्तुति इस विधा के माध्यम से की जाती है। सामाजिक, आर्थिक भेदभाव, आडम्बरों, विद्रूपताओं, ग्राम जीवन में शहरी मानसिकता की घुसपैठ को सीमित साधनों में रोचकता से प्रस्तुत करने की अभूतपूर्व पहल दाऊ जी के नेतृत्व में नाचा में की गई।

छत्तीसगढ़ के बहु प्रतिष्ठित और बड़े-बड़े पुरस्कारों से सम्मानित कलाकार मदन निषाद, भुलवा राम, देवीलाल नाग, गोविंद राम निर्मलकर, मालाबाई, फिदा बाई मरकाम, बिसाहू साहू, जयंती यादव, खुमान साव, पंचराम देवदास आत्माराम कोशा, पूनम विराट आदि दाऊ मंदराजी की ही संस्था से उपजे हैं। हबीब तनवीर जी ने इनके अनेक कलाकारों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने नाटकों के माध्यम से प्रतिष्ठित किया।

रवेली नाचा पार्टी को छत्तीसगढ़ का प्रथम नाच पार्टी तथा दाऊ दुलार सिंह साव 'मंदराजी' को नाचा के पितामह होने का गौरव प्राप्त है। नाचा में हारमोनियम बजाने की पहल दाऊ जी ने ही की थी। वर्ष 1940 के दौर की बात है रायपुर में मंदराजी दाऊ का नाचा देखने अटूट भीड़ जुटती थी। तब बाबूलाल टाकीज में दर्शकों का टोटा पड़ जाता था और रात का शो बंद करने की नौबत आ जाती थी।

करीब सैंतालीस वर्ष पूर्व मुझे दाऊ रामचंद्र देशमुख की संस्था चंदैनी गोंदा, लोकनाट्य कारी और दाऊ महासिंग चंद्राकर की संस्था सोनहा बिहान, लोरिक चंदा में विभिन्न भूमिकाओं का निर्वहन करने का सुअवसर मिला। तब मैंने जाना कि छत्तीसगढ़ में नाचा को ग्रामीण अंचल की भांति शहरों में भी प्रतिष्ठित कराने में इनका योगदान अभूतपूर्व रहा है।

नाचा के चार स्वरूपों यथा- खड़े साज नाचा, गंड़वा नाचा, देवार नाचा और बैठकी साज नाचा की चर्चा बुजुर्ग करते हैं। खड़े साज में शुरूआती दिनों में वादकगण चिंकारा, मंजीरा, ही बजाते थे। बाद में तबला, हारमोनियम, ढोलक, बांसुरी, बेंजो, क्लारनेट का समावेश हुआ। इसमें रात रात भर वादक अपने वाद्ययंत्र को कमर में बांधे खड़े खड़े ही बजाते थे। गंड़वा नाचा में गंड़वा समुदाय के कलाकार पारम्परिक वाद्य दमउ, दफड़ा, गुदुम, टिमकी मोहरी का उपयोग करते हैं। देवार नाचा को छत्तीसगढ़ की घुमक्कड़ जाति के देवार कलाकार प्रस्तुत करते हैं। रूंझू इनका खास वाद्य होता है। नाचा का परिष्कृत स्वरूप बैठकी साज नाचा है। नाचा के इन सभी विधाओं में कलाकारों का हौसला आफजाई मंदराजी दाऊ ने निःस्वार्थ भाव से किया।

मंदाराजी नाचा में चिंकारा बजाने में सिद्धहस्त थे।आगे चलकर 1934 में दाऊ जी ने कलकत्ता जाकर हारमोनियम खरीदा और टाटानगर में हारमोनियम वादक से शीघ्र बजाना सीख लिया।

दाऊजी की संस्था रवेली नाचा पार्टी की धूम चहूं ओर होने लगी थी। ऐसे दौर में पारिवारिक बंटवारा की वजह से दाऊजी को आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ा।

कलाकार जन्मजात स्वाभिमानी होता है। वह टूट जाता है पर किसी के आगे झुकना पसंद नहीं करता ।दाऊ जी भी नाचा और नाचा के कलाकारों के हित और कल्याण हेतु आर्थिक तंगी से जूझते हुए भी पीछे नहीं हटे। करीब 75 वर्ष की आयु में जाकर उन्हें शारीरिक व्याधियों से भी जूझना पड़ा पर वे नाचा मंच में तब भी गायन वादन करते कलाकारों का हौसला बढ़ाते रहे। नाचा के प्रति ऐसी अटूट श्रद्धा को लिए हुए दाऊजी का देहावसान 24 सितंबर 1984 को हुआ।

दाऊजी की समर्पित कला का सम्मान भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 1984 में किया गया था। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भी लोक कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कलाकारों को प्रतिवर्ष राज्योत्सव में मंदराजी सम्मान से अलंकृत किया जाता है। राजनांदगांव के निकट ग्राम कन्हारपुरी में प्रतिवर्ष उनके जन्मोत्सव पर वृहद कार्यक्रम किए जाते हैं। वरिष्ठ लोक कलाकार एवं कवि/साहित्यकार-आत्माराम कोशा 'अमात्य' कहते हैं कि- लोग धन के पीछे निधन होते तक भागते हैं किंतु मंदराजी दाऊ नाचा के पीछे निधन होते तक भागते रहे। छत्तीसगढ़ महतारी के ऐसे समर्पित नाचा कलाकार को सत सत नमन।

विजय मिश्रा 'अमित'
वरिष्ठ हिंदी लोकनाट्य निर्देशक
एम 8 सेक्टर 2,अग्रोहा सोसायटी,
पोआ-सुंदर नगर, रायपुर (छ.ग.) 492013,
मोबा-9893123310

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 106 परशुराम जी के क्रोध भरे वचनों का लक्ष्मण जी ने दिया प्रत्युत्तर

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

लक्ष्मण जी परशुराम जी की ओर एक पग आगे बढ़े और उनसे कहा, ''प्रणाम महामुनि! मैं अयोध्या नरेश दशरथ का पुत्र लक्ष्मण आपकी इस उद्घोषणा से अपनी असहमति व्यक्त करता हूं कि शिव धनुष को तोड़ने वाला अगर सच्चा वीर है तो वह सामने क्यों नहीं आ रहा है। यही नहीं आपने शिव धनुष के खंडित हो जाने के लिए सभा में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को ही परोक्ष रूप से चुनौती दे दी है। आपने बिना परिस्थिति पर विचार किए और वास्तविकता का संज्ञान लिए यह चुनौती दी है।''

''भगवान शिव के इस धनुष के प्रति मेरे मन में गहरी सम्मान भावना है। मैंने देवाधिदेव महादेव को इसी धनुष की सहायता से त्रिपुरासुर के तीन पुरों(नगरों)को एक साथ ध्वस्त करते हुए देखा है। उन्होंने अनेक बार अपने त्रिशूल और इस धनुष की सहायता से दुष्टों का संहार किया है। बालक! तुम इस शिव धनुष की महिमा से परिचित नहीं हो, इसीलिए इस धनुष को ऐसी अवस्था में देखने पर भी तुम्हारी ऐसी प्रतिक्रिया है। मैं एक बार फिर यह घोषणा करता हूं कि इस धनुष को खंडित करने वाला शिवद्रोही अपने जीवित रहने का अधिकार खो चुका है।'' परशुराम जी गरज उठे।

''मैंने तो सुना है कि ऋषि मुनि संयमित और संतुलित होते हैं लेकिन आपको तो बात बात पर क्रोध आ रहा है। इतना ही नहीं, जब से आप यहां पधारे हैं, आप किसी की बात सुनने को तैयार नहीं हैं और ऊपर से बार-बार दंड देने की बात कह रहे हैं। संभवतः आप यह भूल कर रहे हैं कि यह महाराज जनक का राज्य है और यह स्वयंवर सभा उन्होंने अपने राज्य की राजधानी में आहूत की है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आप स्वयं को किसी भी अनुशासन और व्यवस्था से ऊपर समझते हैं।'' लक्ष्मण जी ने दृढ़ शब्दों में उत्तर दिया।

लक्ष्मण जी के यह वचन सुनकर परशुराम जी का क्रोध और बढ़ गया। उन्होंने कहा, ''क्षत्रिय राजकुमार! तुम हो तो अभी बालक ही लेकिन तुम्हारे मुख से ऐसी दंभोक्ति निकल रही है कि जैसे तुमने किसी बड़े युद्ध में विजयश्री प्राप्त की हो।क्या तुम मेरे विषय में नहीं जानते हो? अवश्य तुम्हें मेरे शौर्य, मेरे बल और मेरे क्रोध के विषय में पहले से कोई ज्ञान नहीं है। अगर ऐसा है तो तुम क्षमा के योग्य हो।''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -013

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफिक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 012 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | बा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| [illegible] | | | | | | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तीं | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू- दोकू क्र.013

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.012 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# नहीं होना चाहते कम उम्र में डायबिटीज का शिकार, तो लाइफ में लाएं ये बदलाव

डायबिटीज एक गंभीर समस्या है, जिसके बढ़ते मामले चिंताजनक है। डायबिटीज से अब सिर्फ बुजुर्ग ही नहीं बल्कि, कम उम्र के युवा भी पीड़ित हो रहे हैं। इसका बड़ा कारण है, पिछले कुछ दशकों में लाइफस्टाइल में हुए बड़े बदलाव।

हमारे रोजमर्रा के जीवन में हमने कई ऐसे बदलाव आए हैं, जिनकी वजह से इस खतरनाक बीमारी का जोखिम काफी बढ़ गया है। इसलिए हम कुछ ऐसे टिप्स बताने वाले हैं, जिनकी मदद से डायबिटीज से बचाव करने में मदद मिलेगी। आइए जानते हैं डायबिटीज से बचाव के तरीके।

### क्या है डायबिटीज?

डायबिटीज एक मेटाबॉलिक डिसऑर्डर है, जिसका अभी तक कोई इलाज नहीं है। यह पैंक्रियाज से इंसुलिन न रिलीज होने या कम मात्रा में रिलीज होने की वजह से होते हैं। दरअसल, हमारी बॉडी खाने से एनर्जी हासिल करने के लिए उसे शुगर यानी ग्लूकोज में ब्रेक डाउन करती है।

इससे ब्लड में शुगर लेवल बढ़ता है, जिससे पैंक्रियाज को इंसुलिन रिलीज करने का संकेत मिलता है। इंसुलिन एक हार्मोन होता है, जो बॉडी को ग्लूकोज का इस्तेमाल करने में मदद करता है, लेकिन जब इंसुलिन पर्याप्त मात्रा में रिलीज नहीं होता या बॉडी उसका सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाती, तो ब्लड शुगर लेवल संतुलित नहीं रह पाता। इस कंडिशन को डायबिटीज कहते हैं।

### कैसे करें बचाव?



**रोज एक्सरसाइज करें**

रोज कम से कम 30-40 मिनट एक्सरसाइज करना डायबिटीज के खतरे को काफी हद तक कम कर सकता है। एक्सरसाइज करने से इंसुलिन सेंसिटिविटी बढ़ती है, जिससे सेल इंसुलिन का बेहतर तरीके से इस्तेमाल कर पाते हैं। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और एरोबिक एक्सरसाइज काफी मददगार साबित हो सकते हैं।

**संतुलित आहार खाएं**

खाने में फाइबर, प्रोटीन, हेल्दी फैट्स, विटामिन और मिनरल से भरपूर फूड्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाएं। फाइबर ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद करता है, जिससे डायबिटीज से बचाव में सहायता मिलती है। इसलिए साबुत अनाज, फल, सब्जियां, बीन्स, फिश आदि को डाइट में शामिल करें।

**पोर्शन कंट्रोल करें**

पोर्शन कंट्रोल करना यानी एक बार में आप कितना खाना खाते हैं, उसकी मात्रा संतुलित करना। एक बार में बहुत सारा खाना खाने के बदले थोड़ा-थोड़ा खाना खाना डायबिटीज का खतरा कम करने में मददगार हो सकता है। ऐसा करने से आप ओवर ईट नहीं करते और वजन बढ़ने का खतरा भी कम होता है।

**कार्ब्स की मात्रा संतुलित करें**

खाने में रिफाइन्ड कार्ब्स ज्यादा होने की वजह से ब्लड शुगर बढ़ता है। हालांकि, हर प्रकार का कार्ब ब्लड शुगर लेवल बढ़ाता है। इसलिए अपनी डाइट में कार्ब्स की मात्रा संतुलित करें। खासकर, अगर आप प्री-डायबिटीक हैं।

**वजन कम करें**

वजन ज्यादा होने की वजह से डायबिटीज का जोखिम काफी ज्यादा होता है, खासकर बेली फैट ज्यादा होने की वजह से। वजन ज्यादा होने की वजह से सेहत से जुड़ी अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं। इसलिए कुछ मात्रा में वजन कम करना भी काफी मददगार साबित हो सकता है।

**तनाव कम करें**

तनाव ज्यादा होने की वजह से इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ता है, जिस वजह से सेल इसका बेहतर तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाते। इसलिए तनाव कम करें। रोज योग, डीप ब्रीदिंग या मेडिटेशन करना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

**नींद पूरी करें**

नींद पूरी न होने की वजह से हार्मोनल इम्बैलेंस की समस्या हो सकती है, जिससे इंसुलिन लेवल भी प्रभावित होता है। इसलिए रोज 7-8 घंटे की नींद लेने की कोशिश करें। अच्छी नींद के लिए स्क्रीन टाइम कम करना काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।

**स्मोक न करें**

स्मोकिंग की वजह से इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ता है या इंसुलिन ठीक से रिलीज न होने की समस्या भी हो सकती है। इसलिए स्मोक न करें। साथ ही, शराब के सेवन से भी बचने की कोशिश करें।

## राशिफल



**मेष**

आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। सरकारी कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि होने की संभावना है। आज व्यापार के क्षेत्र में आपको अधिक लाभ होगा। विद्यार्थी आज किसी नए प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए उत्सुक रहेंगे। आपको कोई बड़ी खुशखबरी मिलने के योग बन रहे हैं।



**वृषभ**

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज किसी निर्णय में परिवार का सहयोग मिलेगा। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपने कोच से कुछ महत्वपूर्ण सीखने का अवसर पाएंगे। दांपत्य जीवन में चली रही अनबन आज ख़त्म होगी, जीवनसाथी खुश होने की वजह देंगे।



**मिथुन**

आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। डेकोरेशन का कारोबार कर रहे लोगों को आज कोई बड़ा आर्डर हाँथ लगेगा। आज आप धार्मिक कार्यो में भी रुची लेंगे। किसी धार्मिक आयोजन का हिस्सा भी बन सकते हैं। विद्यार्थी अपने सीनियर की मदद से अधूरा प्रोजेक्ट पूरा करेंगे।



**कर्क**

आज आपका दिन शानदार रहेगा। सिंगर्स का कोई गाना लोगों को काफी पसंद आयेगा। आपके सपनों को आज नयी उड़ान मिलेगी। भरोसेमंद दोस्तों की सलाह आपके बहुत काम आयेगी। कार्यक्षेत्र में आपका आत्मविश्वास आपकी सफलता का मार्ग बनेगा।



**सिंह**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। राजनीति के क्षेत्र में आज आप लोगों की मदद कर पायेंगे। हार्डवेयर कारोबारियों की इनकम में वृद्धि होगी। नई जॉइनिंग किए लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन मिला जुला रहने वाला है।



**कन्या**

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। ब्यूटी पार्लर का कारोबार कर रही महिलाओं की इनकम में वृद्धि होगी। ऑफिस में आपकी मेहनत को देखकर बॉस आपकी प्रशंसा करेंगे। नवविवाहित दंपत्ति की मुलाकात आज किसी खास रिश्तेदार से होगी। बाहर का ऑयली खाना खाने से परहेज करने की आवश्यकता है।



**तुला**

आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज आप कंप्यूटर कोर्स ज्वाइन करने का मन बनायेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स आज किसी टारगेट को पूरा करने में सफल होंगे। दांपत्य रिश्ते में हो रही गलतफहमियां आज ख़त्म होंगी, जिससे आपके रिश्ते में और मिठास बढ़ेगी।



**वृश्चिक**

आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अगर आप प्रॉपर्टी में निवेश के लिए कोई योजना बना रहे हैं तो उसके लिए आज का दिन अच्छा है। आज ऑफिस में अपने कार्य पर ध्यान दें, किसी को कहने का मौका न दें। हलह्व वर्कर्स आज किसी जरूरतमंद की मदद करने का अवसर पाएंगे।



**धनु**

आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। दांपत्य रिश्ते में आपसी तालमेल की वृद्धि होगी। एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी कर रहे छात्रों को उनका मनपसंद कॉलेज मिलने के योग बन रहे हैं। ज्वेलरी के कारोबारियों की आज अच्छी सेल होगी। आज किसी क्लाइंट से अच्छा लाभ होगा।



**मकर**

आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज किसी करीबी दोस्त की मदद से आपको अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। नवविवाहित दंपत्ति अपने जीवनसाथी की मनपसंद का खाना बनायेंगी। छात्र अगर कम्पटीशन की तैयारी कर रहे हैं, तो उन्हें सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।



**कुंभ**

आज आपका दिन शानदार रहेगा। ग्रोसरी का कारोबार कर रहे लोग अपने कारोबार को और आगे बढाने का विचार बनायेंगे। स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या से आपको आराम मिलेगा। फिजूल खर्चों पर आपको रोक लगाने की जरूरत है। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने दोस्त से होगी।



**मीन**

आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को किसी बड़ी योजना में सफलता मिलेगी। ऑफिस में अपने कार्य पर ध्यान दें, नहीं तो कोई आपकी बैक बाईटिंग कर सकता है। लेखकों की आज कोई किताब पब्लिश होगी। नवविवाहित दंपत्ति के बीच मीठी नोंक-झोंक होगी।

# खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति पद्मश्री ममता चंद्राकर की नियुक्ति असंवैधानिक- यादव

## पत्रवार्ता में खैरागढ़ कुलपति की नियुक्ति को लेकर उठे गंभीर सवाल, नियमों की अनदेखी कर की गई ममता की कुलपति पद पर नियुक्ति

खैरागढ़ (दावा)। एशिया का एक नाममात्र इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति पद्मश्री ममता (मोक्षदा) चंद्राकर की नियुक्ति को पूरी तरह से असंवैधानिक बताया गया है।

उक्त मामले को लेकर रविवार की शाम खैरागढ़ जिला पत्रकार संघ में हुई पत्रवार्ता में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक बी.आर.यादव ने कुलपति पद्मश्री ममता (मोक्षदा)चंद्राकर की नियुक्ति को लेकर तथ्य पेश करते हुये गंभीर आरोप लगाया है, बी.आर. यादव ने बताया कि नियमों की अनदेखी कर खैरागढ़ विश्वविद्यालय में पद्मश्री ममता चंद्राकर की कुलपति के पद पर नियुक्ति की गई है जो कि असंवैधानिक है तथा यूजीसी के नियमों के विपरीत है।

### कुलपति चयन के लिये जानिये क्या है नियम-निर्देश

पत्रवार्ता में कुलपति की नियुक्ति को लेकर बी.आर. यादव ने बताया कि राजभवन रायपुर द्वारा जारी विज्ञापन अनुसार कुलपति के पद पर नियुक्त होने वाला व्यक्ति अकादमिशियन तथा उसके पास प्राध्यापक के पद पर 10 वर्षों का कार्यानुभव होना चाहिये। कुलपति की नियुक्ति से संबंधित संगीत विश्वविद्यालय के अध्यादेश 171 की धारा 7 में भी कुलपति के पद पर नियुक्त होने वाले व्यक्ति को उपरोक्त आर्हता आवश्यक है। यूजीसी द्वारा जारी विनियम 2018 तथा विवि के अध्यादेश 171 के अनुसार कुलपति चयन के लिये विशेष तौर पर गठित चयन समिति से अनुशंसित नामों के पैनल से ही नियमानुसार कुलपति नामित किया जाता है। बी.आर. यादव ने बताया कि राजभवन से आरटीआई के माध्यम से प्राप्त जानकारी अनुसार पद्मश्री ममता चंद्राकर की नियुक्ति के दौरान उक्त नियमों का पालन नहीं किया गया है। ममता चंद्राकर अकादमिशियन नहीं है और उन्होंने किसी भी महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय में कभी भी नियमित प्राध्यापक पद पर 10 वर्ष की अर्हता प्राप्त नहीं की है। उनके पास कुलपति पद पर नामित होने अनिवार्य 10 वर्ष की प्रोफेसरशिप की योग्यता नहीं है।

यह भी ज्ञात हो कि पद्मश्री और संगीत नाटक अकादमी के अवार्ड को प्रोफेसर के समरूप नहीं माना जाता है। पत्रवार्ता में बी.आर. यादव ने यह भी बताया कि भारतीय संविधान के आर्टिकल 254 के अनुसार राजकीय नियम और केन्द्रीय नियमों के मध्य विरोधाभास की स्थिति में केन्द्रीय नियम सर्वोपरी एवं मान्य होंगे। कुलपति की नियुक्ति के विषय में यूजीसी द्वारा विनिमय 2018 के अनुसार 10 वर्ष प्राध्यापक सेवा का कार्यानुभव होना अनिवार्य है, जो कि लोकसभा तथा राज्यसभा देश के दोनों उच्च सदनों द्वारा पारित केन्द्रीय नियम है। गौरतलब हो कि पद्मश्री ममता चंद्राकर की नियुक्ति राजभवन द्वारा जारी आदेश क्र.एफ 1-6/2019/रास/यू-4 दिनांक 21.07.2020 के माध्यम से विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 के निहित कुलाधिपति के स्वेच्छा अधिकार के अंतर्गत किया गया था। बी.आर. यादव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के रीट पिटिशन सिविल क्र.1525 ऑफ 2019 के निर्णय अनुसार केन्द्रीय विनियमों का विरोधाभासी होने के कारण राजकीय नियमों का उक्त प्रावधान लागू नहीं होगा।

### हटाये जा चुके हैं बिलासपुर विश्वविद्यालय के कुलपति

पत्रवार्ता में बी.आर. यादव ने बताया कि ऐसे ही एक

### यूजीसी के नियमों के विपरीत 2019 से चल रहा कुलपति का कार्यकाल

मामले में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में एक प्रकरण में बनारस के विधि छात्र द्वारा राजभवन में की गई शिकायत के आधार पर जिसके अनुसार प्रो.सदानंद साही को प्रोफेसरशिप के 10 वर्षों के कार्यानुभव में केवल 23 दिन शेष होने पर भी राजभवन रायपुर द्वारा प्रोफेसरशाही को कुलपति के पद से मुक्त कर दिया गया था, लेकिन यहां दोहरे मापदंड में पद्मश्री ममता चंद्राकर अनवरत खैरागढ़ विवि की कुलपति बनी हुई है।

### आरटीआई में जानकारी देने किया गया भ्रमित, अपील बाद राजभवन से मिली जानकारी

श्री यादव ने वार्ता में बताया कि कुलपति की नियुक्ति से संबंधित दस्तावेजों की मांग उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन से की थी लेकिन सूचना के अधिकार के तहत जानकारी देने उन्हें लगातार परेशान व भ्रमित किया गया. राजभवन में अपील के बाद उन्हें नियुक्ति से संबंधित चाही गई जानकारी मिली। श्री यादव ने बताया कि साक्ष्य प्राप्ति के बाद ही उन्होंने पत्रवार्ता के माध्यम से जनहित में कुलपति मोक्षदा (ममता) चंद्राकर की गलत तरह से की गई नियुक्ति के संबंध में आज खुलासा किया है।

### बीते 2 दिसंबर को 65 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी हैं कुलपति चंद्राकर

पत्रवार्ता में बी.आर.यादव ने बताया कि पद्मश्री ममता चंद्राकर की असंवैधानिक नियुक्ति यूजीसी के विनिमयों के विरूद्ध उनके आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेखित विवि अधिनियम 2019 के अंतर्गत निहित प्रावधानों के अनुसार 65 वर्ष की आयु पूर्ण अथवा 5 साल जो भी पहले तक हुई थी। कुलपति के कार्यकाल की अवधि से संबंधित यह बात स्पष्ट रूप से राजभवन के विज्ञापन में भी उल्लेखित है ज्ञात हो कि श्रीमती चंद्राकर 2 दिसंबर 2024 को 65 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी हैं बावजूद इसके अब तक कुलपति के पद पर नियम विरूद्ध काबिज हैं, इस संबंध में आरटीआई से प्राप्त दस्तावेज एवं नोटशीट के अवलोकन से स्पष्ट है कि श्रीमती चंद्राकर के कार्यकाल को अधिनियम 2021 के अंतर्गत 70 साल अथवा 5 वर्ष जो भी पहले हो तक बढ़ाने वाले राजभवन के प्रस्ताव पर राज्यपाल द्वारा सक्षम अनुमोदन अंकित नहीं किया गया है तथा प्रस्ताव पर महामहिम के सचिव द्वारा लंबित रखा गया है। तय है कि नियमों के अनुरूप कुलपति के 65 साल बाद सेवा जारी रखने के लिये कोई भी आदेश राजभवन द्वारा जारी नहीं किया गया है, इससे यह स्पष्ट होता है कि श्रीमती चंद्राकर का कुलपति के पद पर एक दिन भी अतिरिक्त काबिज रहना अवैधानिक है वहीं यह भी यक्ष प्रश्न है कि विवि के कुलसचिव द्वारा कुलपति के नवीन नियुक्ति के लिये प्रस्ताव पत्र राजभवन को अब तक क्यों नहीं भेजा गया है, इन तथ्यों का आधार बताकर श्री यादव ने श्रीमती चंद्राकर की नियुक्ति को समाप्त करने की मांग की है और कहा है कि श्रीमती चंद्राकर द्वारा नियम विरूद्ध की गई उल्लेखित कार्यवाहियां विवि अधिनियम की धारा 10-6 के अंतर्गत अपास्त करने योग्य है, विडंबना है कि सच सामने आने के बाद भी नैतिकता के आधार पर श्रीमती चंद्राकर स्वयं कुलपति के पद से क्यों त्यागपत्र नहीं दे रही हैं. ऐसे में राजभवन से आदेश जारी कर विवि के वरिष्ठ प्राध्यापक को नियमानुसार प्रभारी कुलपति नियुक्त कर विवि को नवीन कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ करनी चाहिये।

### कुलपति चंद्राकर को हटाने चलेगा चरणबद्ध आंदोलन

वार्ता में श्री यादव ने बताया कि शीघ्र ही राजभवन को समक्ष साक्ष्यों के साथ मामले की विधिवत शिकायत की जायेगी, प्रथम स्तर पर केसीजी कलेक्टर के माध्यम से राजभवन को ज्ञापन भेजा जायेगा, उचित कार्यवाही नहीं होने पर चरणबद्ध जनआंदोलन किया जायेगा और शीघ्र ही हाईकोर्ट में भी कुलपति चंद्राकर के विरूद्ध जनहित याचिका लगाई जायेगी।

## विश्व जागृति मिशन ने मनाया रंग पंचमी महोत्सव, खेली फूलों की होली

डोंगरगढ़ (दावा)। विश्व जागृति मिशन डोंगरगढ़ मंडल ने शनिवार को फूलों की होली खेलकर रंग पंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाया। शनिवार को सर्वप्रथम शाम 6 बजे सत्संग का आयोजन किया गया। प्रधान एन. आर. देवांगन के नेतृत्व में साधकों ने होली के भजन गाकर आनंद मनाया। भजन गायन में प्रमुख रूप से मंथिर दास साहू, सुमन खेमुका, अजय ठाकुर, डॉ बीपी चंद्राकर, सीएल अग्रवाल, कु. शैली ठाकुर सहित अन्य सदस्यों ने समां बांधा, तत्पश्चात फूलों की होली खेली गई।

सर्वप्रथम सदगुरुदेव भगवान सुधांशु जी महाराज के चरणों में गुलाल व फूलों की होली से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने एक दूसरे के ऊपर फूल डालकर होली की बधाइयां दी। रंगों के इस त्यौहार का महत्व समझाते हुए मिलजुल कर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में एन आर देवांगन डीपी शर्मा, विश्वनाथ यादव, सी एल अग्रवाल, रमेश बहेकर, आर एन सिंह ठाकुर, हेमंत साहू, डॉ. बीपी चंद्राकर, भागचंद चंद्रवंशी, पी आर गजेंद्र, मंथीर दास साहू, सवंल सिंह सहारे, चंद्रमोहन हिरवानी, बालाराम साहू, अजय सिंह ठाकुर, श्रीमती सुलोचना अग्रवाल, श्रीमती सुमन खेमुका, सुश्री किरण नरेड़ी, कु शैली ठाकुर, गोपाल खेमुका सहित बड़ी संख्या में मंडल के सदस्यगण उपस्थित थे। आरती के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

## बुचीभरदा स्कूल में न्योता भोज

राजनांदगांव (दावा)। शनिवार 30 मार्च को न्योता भोज का आयोजन मनोज कुमार चन्द्राकर द्वारा अपने पूर्वजों के स्मृति में, पूर्व माध्यमिक शाला बुचीभरदा एवं प्राथमिक शाला बुचीभरदा में पढ़ने वाले बच्चों को न्योता भोज के अंतर्गत 'केला फल' का वितरण किया गया।

सर्वप्रथम मनोज कुमार चन्द्राकर का स्वागत लेमत भुआर्य मैडम द्वारा पुष्पगुच्छ से किया, माध्यमिक शाला के उपाध्यक्ष उत्तम कलिहारी का स्वागत विनोद कुमार चन्द्राकर द्वारा तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ से किया गया। आयोजन समारोह में चान्ता राम साहू प्र पा माध्यमिक, राकेश कुमार सोनी प्र पा प्राथमिक, रितुराज चतुर्वेदी, विनोद कुमार चन्द्राकर, किशन कुमार देवांगन, सुश्री लेमत भुआर्य, उत्तम कलिहारी, मनोज कुमार चन्द्राकर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला मंडलोई, सहायिका लीला मंडलोई, रसोइया किरण साहू, अंजनी निषाद, गायत्री यादव, स्वीकार उमेश्वर निषाद, लीलाधर साहू अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नांदगांव और दुर्ग शरीर के है एक ही अंग-शास्त्री

### चुनाव के मध्य सांसद का बयान पूरे छत्तीसगढ़ में भाजपा की चुनौती बढ़ाएगा-दल प्रवक्ता

राजनाँदगाँव (दावा)। नगर निगम के पार्षद एवं युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिये बताया है कि हाल ही में सोशल मीडिया में एक वीडियो जारी हुआ है जिसमे सांसद संतोष पांडे कहते नजर आ रहे कि दुर्ग और पाटन भी उठ कर आज ये जिस पर शास्त्री ने आपत्ति जताते हुए कहा कि नांदगांव और दुर्ग पाटन के भले ही जिले व लोकसभा क्षेत्र अलग-अलग हो गए हो परन्तु नांदगांव-दुर्ग शरीर के एक ही अंग हमेशा रहेंगे और वहां के लोग भी हमारे अपने है। चुनाव के चलते सांसद के इस बयान से भाजपा का भारी नुकसान होना तय है और काँग्रेस ही जीत सुनिश्चित करेगी, हम लोकतांत्रिक देश में है जहाँ कोई भी व्यक्ति कही भी जा-आ सकता है सुन-बोल सकता है और चुनाव भी लड़ सकता है ऐसे में दुर्ग पाटन क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी जो अन्य क्षेत्रो में जा कर लड़ रहे है उन पर भी इस प्रकार के बयान का प्रभाव जरूर दिखेगा। भाजपा सांसद को अपने दिए गए बयान को वापस लेना होगा इस प्रकार का बयान संस्कारधानी के सांसद के पद पर रहे व्यक्ति को सोभा नही देता। आगे कहा कि हम सबके छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जो वर्तमान में राजनाँदगाँव के लोकसभा प्रत्याशी भी है वे हमेशा मीडिया के मध्य से खुले मंच में खुलकर कहते आये है कि पूरे छत्तीसगढ़ का हर एक क्षेत्र मेरा अपना है।

## पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचते आरोपी को किया गिरफ्तार

### आरोपी से 22 देशी प्लेन शराब एवं बिक्री रकम 240 रुपये जप्त

डोंगरगांव (दावा)। डोंगरगांव पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब रखकर उसे बेच रहे आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 22 नग देशी प्लेन शराब व बिक्री की रकम 240 रुपए जब्त की है।

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधि. डोंगरगांव, दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव, निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में थाना डोंगरगांव क्षेत्रों में जुआ, शराब, चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते हुये 31 मार्च को थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सूचना के आधार पर टीम गठित कर एबीस फैक्ट्री के पास ग्राम अमलीडीह के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, जिसमें अपराध धारा-34(1) (ख) आबकारी के तहत आरोपी आवेश धनकर पिता रामलाल धनकर, जाति गडरिया, उम्र- 21 साल, पता-सुखरी, वार्ड नं. 3 के पास से सफेद रंग के प्लास्टिक की एक बोरी मे 22 पौवा देशी प्लेन शराब सीलबंद कीमत 1760 रूपये एवं शराब बिक्री रकम 240 रूपये कुल जुमला 2000 रूपये को जप्त कर पुलिस ने कब्जे में लिया।

## जिला केसीजी महिला कांग्रेस द्वारा होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

रवैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती गुलोदेवी नेताम के निर्देशानुसार व रवैरागढ़ विधायक श्रीमती यशोदा नीलांबर वर्मा के मार्गदर्शन द्वारा ठुईखदान कांग्रेस भवन में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में बैठक व होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला महिला कांग्रेस कमेटी के.सी.जी का लोकसभा चुनाव बैठक हुआ। इस अवसर पर महिला लोकसभा प्रभारी ममता चंद्राकार, राजकुमारी सिन्हा, विधानसभा प्रभारी कुसुम दुबे, जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस आरती रिंकू महोबिया उपस्थित रहे तथा समस्त जिला एवं ब्लॉक महिला कांग्रेस मुख्य रूप से बड़ी संख्या में उपस्थित हुए, साथ ही समस्त महिलाएं एक दूसरे को रंग लगाए व लोकसभा चुनाव के लिए विशेष रणनीति बनाई।

## किशन लाल साहू ने बूथों में जाकर किसानों से किया संपर्क

छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा के अंतर्गत करमरी बूथ, अरजकुंड बूथ एवं ग्राम महरूम के बूथों में जाकर लाभार्थी एवं अन्य किसानों के साथ संपर्क कर बीजेपी का झंडा लगाया गया। साथ ही साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योजनाओं की जानकारी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी की योजनाओं को लागू करने के संबंध में श्री किशन लाल साहू सभापति जनपद पंचायत छुरिया एवं अध्यक्ष किसान मोर्चा कुमर्दा मंडल द्वारा दिया गया। साथ ही साथ संतोष पांडे भाजपा प्रत्याशी को जीताने हेतु सभी गांव में संकल्प लिया गया और मोदी को 400 पार के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु संकल्प लिया।

## नोबिता साहू को मिला प्रथम स्थान

गंडई पंडरिया (दावा)। साईं एजुकेशन एकेडमी गंडई (अंग्रेजी माध्यम) द्वारा सत्र 2023-24 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, इसमें कक्षा तीसरी में अध्यनरत छात्रा कुमारी नोबिता साहू ने 95.8 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में प्रथम स्थान पर रही, उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है, वे शिक्षक गांधीराम साहू की सुपुत्री हैं तथा शुरू से ही वे मेधावी रही है। उनकी इस उपलब्धि पर शाला परिवार एवं शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सुभाष वार्ड में विजय संकल्प योजना की तहत वार्डवासियों से मुलाकात

डोंगरगढ़ (दावा)। रजानगर सुभाष वार्ड में विजय संकल्प योजना की तहत लाभार्थियों एवं वार्डवासियों से मुलाकात कर संपर्क किया गया साथ साथ ही साथ मोदीजी की अनेक योजनाओं के सम्बंध में समझाया गया। वार्डवासियों की समस्याओं को भी जल्द दूर करने का वादा किया गया उक्त बैठक में पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं डोंगरगढ़ विधानसभा के संयोजक सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, पार्षद हरीश मोटघरे, सुनील जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, मधुसूदन अग्रवाल, कमलेश साहू, पिंटू यदु, इंसार खान, योगेश मोटघरे, पुष्पा साहू, लक्ष्मी यादव, सहित लगभग 60 महिलाओं ने अपनी उपस्थिति प्रदान की एवं लोकसभा के प्रत्यासी संतोष पांडे को कमल छाप पर मुहर लगाकर वार्ड में भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया गया।

## विवेक साहू का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ

डोंगरगढ़ (दावा)। कन्हारगांव निवासी ग्राम पंचायत के सरपंच सरला गंगाधर साहू के पुत्र विवेक साहू का जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ मे चयन हुआ है। इसके पूर्व श्रीमती साहू की पुत्री का चयन भी नवोदय विद्यालय के लिए वर्ष 2022 में हो चुका है। श्रीमती साहू के दोनों बच्चों ने अपने स्कूल, शिक्षक, साहू समाज को गौरवांवित किया है। इसके चयन होने में कौन बनेगा करोड़पति में भाग लेने वाले विवेक के पिता गंगाधर साहू, मम्मी सरला साहू सहित मुसरा कोचिंग सेंटर के संचालक दिनदयाल साहू, स्कूल के शिक्षक कुलेश्वर सिन्हा, महेश ठाकुर, घनश्याम साहू व परिवार जन और इष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

## जिला निर्माता भूपेश बघेल का आभार : न्याय योजना की बयार में जीत का संकल्प - महिला कांग्रेस

खैरागढ़ (दावा)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के लिए जिला महिला कांग्रेस खैरागढ़ ने अपनी चुनावी कमर कस ली है खैरागढ़ जिला के निर्माता कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को सर्वाधिक मतों से जीतने के संकल्प के साथ मैदान में उतरने तत्पर है इसी क्रम में छुईखदान ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में जिला महिला कांग्रेस कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष आरती महोबिया के द्वारा आयोजित बैठक में विधायक यशोदा वर्मा,महिला कांग्रेस की लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक का ममता चंद्राकर सह प्रभारी राजकुमारी सिन्हा विधानसभा प्रभारी प्रदेश महिला कांग्रेस सचिव कुसुम दुबे शामिल होकर महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता पदाधिकारी में जोश एवं उत्साह के साथ मतदान कराने का संकल्प दिलाया।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा कहीं की खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता कांग्रेस के पक्ष में लगातार मतदान कर रही है और हमें मतदाता के बीच अपना प्रभाव के साथ फिर से मेहनत कर कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल जी को चुनाव में सर्वाधिक मतों से जीतकर राजनांदगांव लोकसभा की आवाज संसद में पहुंचे बनाना है। लोकसभा प्रभारी श्रीमती ममता चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि यह सुखद अवसर हम सबको मिला है कि खैरागढ़ जिले के निर्माण करता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी हैं और जिस प्रकार से उन्होंने खैरागढ़ की बहुचर्चित मांग जिला निर्माण को पूर्ण किया है जिसके लिए उनका आभार व्यक्त करने का यह अवसर हमारे लिए आया है हम सब अधिक से अधिक मतदान उनके पक्ष में कराकर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करावे।सह प्रभारी राजकुमारी सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ही ऐसी पार्टी है जो झूठ जुमलेबाजी से दूर रहकर सर्वहारा वर्ग के लिए कार्य करती है इसलिए हम सब कांग्रेस के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करें।विधानसभा प्रभारी कुसुम दुबे ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस जो कहती है वह करती है नारियों के सम्मान के लिए पूरे विश्व की पहली ऐसी पार्टी कांग्रेस है जिसने नारियों को बराबर की भागीदारी देने की बात करते हुए अपने संगठन में पर्याप्त अवसर महिलाओं को दे रही है वहीं महालक्ष्मी नारी न्याय योजना की बात कर कांग्रेस ने फिर से यह साबित कर दिया की देश की नारियों को समृद्ध सशक्त बनाने का संकल्प कांग्रेस ने लिया है उपस्थित पदाधिकारियों ने समवेत स्वर में कही कि छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की दुर्गति जगजाहिर है आज भी माताएं बहने इस लाभ से वंचित हैं सरकार ना तो इस योजना को सही तरीके से लागू कर सकी कुल यह योजना नारियों के साथ चल करने वाली योजना बन गई है वहीं लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने महालक्ष्मी नई न्याय योजना लागू कर महिलाओं को सफल बनाने के लिए संकल्पित है इसलिए हम सब कांग्रेस की महिलाओं का यह प्रथम दायित्व होता है कि सभी के घर-घर पहुंचकर अधिक से अधिक महालक्ष्मी योजना का फॉर्म भरवा कर महिलाओं के हित में कार्य कर भूपेश बघेल जी को सर्वाधिक मतों से चुनाव बैठक को जनपद अध्यक्ष नीना ताम्रकार पार्तीका महोबिया, प्रियंका जघेल, धनेश्वरी जंघेल, कविता जंघेल, किरण झा मीरा चोपड़ा रुक्मणी देवांगन लता ठाकुर पुस्पा कोसरे, राजेश्वरी अग्रवाल सहित अन्य कांग्रेस नेत्रियों ने संबोधित किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस की महिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष आरती महोबिया ने किया।

### महतारी वंदन में छल, महालक्ष्मी बनाएगी सबल

# पहला कॉलम...

## विदेशी मुद्रा भंडार ने लगातार दूसरे सप्ताह बनाया नया रिकॉर्ड

मुंबई । देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ता हुआ 642.631 अरब डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया।आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़ गया। यह वृद्धि सोने के भंडार का मूल्य बढ़ने के कारण है जो विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा है। इसमें 34.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई है।हालांकि, सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 12.3 करोड़ डॉलर की गिरावट आई। इससे पहले 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 642.492 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से आरबीआई को रुपये के अस्थिर होने पर उसे स्थिर करने के लिए अधिक गुंजाइश मिलती है। ऐसा इसलिए क्योंकि आरबीआई रुपये को भारी गिरावट से बचाने के लिए अधिक डॉलर जारी करके हाजिर और वायदा मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करता है।इसके विपरीत, विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट से आरबीआई के पास रुपये को सहारा देने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए कम विकल्प बचता है। विदेशी मुद्रा भंडार पर अच्छी खबर फरवरी में निर्यात के 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचने और व्यापार घाटे में गिरावट के कारण भी आई है। यह देश के बाहरी संतुलन के मजबूत होने का संकेत देता है जो आगे चलकर रुपये के लिए शुभ संकेत है।

## सीरिया के अजाज प्रांत में कार बम धमाका, 8 लोगों की मौत; 20 घायल

बेरूत। रविवार सुबह तुर्की समर्थक बलों के कब्जे वाले उत्तरी सीरियाई शहर के एक बाजार में एक बम विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक अन्य घायल हो गए हैं। मौके पर मौजूद एक युद्ध निगरानीकर्ता ने इसकी जानकारी दी।सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि अलेप्पो प्रांत के अजाज में एक लोकप्रिय बाजार के बीच में एक कार में बम विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में आठ लोग के मारे गए हैं और 23 अन्य घायल हैं। मरने वालों की संख्या अभी और भी बढ़ सकती है। ब्रिटेन स्थित ऑब्जर्वेटरी, जिसके पास सीरिया के अंदर स्रोतों का एक नेटवर्क है उसने जानकारी दी कि विस्फोट स्थल पर कई एम्बुलेंस और बचाव कर्मी मौजूद थे।

तुर्की सेना और उनके सीरियाई प्रतिनिधियों ने सीमा के बड़े हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया है, जिसमें अज़ाज़ जैसे कई प्रमुख शहर और कस्बे शामिल हैं।साल 2011 में सरकार द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों को दबाने के बाद सीरिया का युद्ध शुरू हुआ और यह एक घातक संघर्ष में बदल गया जिसमें जिहादियों और विदेशी सेनाओं को शामिल किया गया।

## ईस्टर की प्रार्थना सभा में शामिल हुए पोप फ्रांसिस

नई दिल्ली। पोप फ्रांसिस ने ईस्टर से एक दिन पहले शनिवार रात को प्रार्थना सभा की अध्यक्षता करते हुए 10 मिनट का धर्मोपदेश दिया और आठ लोगों को चर्च की सदस्यता (बपतिस्मा) दिलाई। इससे एक दिन पहले पोप स्वास्थ्य संबंधी एहतियात बरतते हुए रोम के एक बड़े कलागृह में निकाले गए गुड फ्राइडे के पारंपरिक जुलूस में शामिल नहीं हुए थे। फ्रांसिस अपनी व्हीलचेयर से सेंट पीटर्स बासिल्का पहुंचे, एक कुर्सी पर अपना स्थान ग्रहण किया और प्रार्थना शुरू की। करीब एक घंटे बाद उन्होंने तेज आवाज में 10 मिनट का धर्मोपदेश दिया। यह प्रार्थना सभा ईसा मसीह के पुनर्जन्म के जश्न में आयोजित की जाती है।

पोप ने अपने उपदेश में उस पत्थर का जिक्र किया जिसे ईसा मसीह की मौत के बाद उनके मकबरे से हटा दिया गया था। उन्होंने कैथोलिक समुदाय के लोगों से अपनी जिंदगियों में उन पत्थरों को हटाने का अनुरोध किया जो च्व्हमारे दिल के दरवाजों को अवरुद्ध करते हैं, उम्मीद को खत्म करते हैं और हमें हमारे डर और पछतावे की कब्र में कैद कर देते हैं।।

## आज से भारतीय रेलवे के नियमों में होगा बदलाव

नई दिल्ली। देशभर में ट्रेन से यात्रा करने वाले लाखों यात्री हैं। रेल से यात्रा करना जितना आरामदायक माना जाता है, उतना ही बजट में भी होता है। ऐसे में, भारतीय रेलवे से जुड़ा एक नियम 1 अप्रैल से बदलने वाला है। 1 अप्रैल से रेल यात्रियों को कुछ नई सुविधाएं दी जाएंगी। यह नया बदलाव पेमेंट से जुड़ा है।

अप्रैल महीने से रेलवे यात्रियों की ऑनलाइन पेमेंट को बढ़ावा देते हुए क्यू आर कोड स्कैनिंग की सुविधा पेश कर रही है। अक्सर यात्रियों को टिकट खरीदते समय कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। टिकट खरीदते समय पेमेंट से जुड़ी परेशानी जरूर आती है। अब यात्रियों को रेलवे स्टेशन पर टिकट काउंटर से टिकट लेने के दौरान क्यूआर कोड स्कैन करने का ऑप्शन मिलेगा।

# चेन्नई को हराकर दिल्ली ने जीत का खाता खोला, हार के बावजूद धोनी ने विस्फोटक पारी से जीता फैंस का दिल

विशाखापत्तनम। आईपीएल के 13वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने 20 रन से जीत हासिल कर चेन्नई के जीत के रथ को रोक दिया। दिल्ली ने इस मैच में डेविड वॉर्नर और ऋषभ पंत की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 191 रन बनाए। इसके जवाब में चेन्नई 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर सिर्फ 171 रन बना सकी। चेन्नई की इस शिकस्त ने उसे अंक तालिका में दूसरे स्थान पर धकेल दिया जबकि दिल्ली कैपिटल्स पहली जीत के साथ सातवें स्थान पर मौजूद है।

### खलील अहमद की घातक गेंदबाजी

192 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई की शुरुआत झटकों के साथ हुई। टीम के दोनों सलामी बल्लेबाज सात रन के स्कोर पर पवेलियन लौट गए। ऋतुराज गायकवाड़ एक रन और रचिन रवींद्र दो रन बना सके। दोनों को खलील अहमद ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद अजिंक्य रहाणे और डेरिल मिचेल ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी निभाई। हालांकि, अक्षर पटेल ने 11वें ओवर की दूसरी गेंद पर मिचेल को आउट कर दिया। वह 34 रन बनाने में कामयाब हुए। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए शिवम दुबे आए। टीम को चौथा झटका अजिंक्य रहाणे के रूप में लगा जो 45 रन बनाकर लौटे। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और दो छक्के निकले।

मुकेश कुमार इस मुकाबले में घातक गेंदबाजी करते नजर आए। उन्होंने 14वें ओवर की तीसरी और चौथी गेंद पर लगातार दो बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। पहले उन्होंने रहाणे (45) को आउट किया, इसके बाद अगली गेंद पर समीर रिजवी को पवेलियन भेज दिया। वह बिना खाता खोले आउट हो गए। सीएसके को 120 रन के स्कोर पर छठा झटका शिवम दुबे के रूप में लगा जिन्हें मुकेश ने ही 17वें ओवर में शिकार बनाया। वह 18 रन बनाकर लौटे।

### तूफानी पारी के बावजूद धोनी नहीं दिला पाए टीम को जीत

आठवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए महेंद्र सिंह धोनी आए। उन्होंने 16 गेंदों का सामना किया और 37 रनों की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और तीन छक्के निकले। हालांकि, वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। चेन्नई के लिए रवींद्र जडेजा ने भी 21 रन की नाबाद पारी खेली। धोनी और जेडजा के बीच 51 रन की नाबाद साझेदारी हुई, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके।

# डोनाल्ड ट्रंप की विवादित पोस्ट पर बढ़ा हंगामा

वॉशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शेयर किए गए एक वीडियो को लेकर अब विवाद खड़ा हो गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की तस्वीर वाली एक वीडियो शेयर की थी। इस वीडियो में राष्ट्रपति बाइडन के हाथ-पैर बंधे हुए दिखाई दे रहे हैं।

ट्रंप ने दावा किया कि यह फुटेज एनवाईपीडी के अधिकारी जोनाथन डिलर की मौजूदगी के दौरान लॉन्ग आइलैंड पर कैप्चर किया गया था। वीडियो में ट्रंप के लिए समर्थन व्यक्त करने वाले दो ट्रकों को दिखाया गया है। जिसमें बाइडन की हाथ और पैर बंधी तस्वीर को ट्रक के पीछे दिखाया गया है।

हालांकि, ट्रंप द्वारा ये वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने के बाद जो बाइडन के समर्थकों ने उनकी जमकर आलोचना की। ट्रंप के प्रचार प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने उनका बचाव करते हुए कहा कि यह तस्वीर एक पिकअप ट्रक के पीछे थी, जो राजमार्ग से गुजर रहा था। डेमोक्रेट और लोगों ने न केवल पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और उनके परिवार के खिलाफ घृणित हिंसा का आह्वान किया। बल्कि वे वास्तव में उनके खिलाफ न्याय प्रणाली को हथियार बना रहे हैं।

वहीं, बाइडन के प्रचार प्रवक्ता माइकल टायलर ने सीएनएन को बताया कि डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शेयर की गई यह पोस्ट हास्यपाद है।

# लापता पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत सिन्हा की सड़ी-गली लाश बरामद

हजारीबाग। जमशेदपुर निवासी इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी 38 वर्षीय प्रशांत कुमार सिन्हा की हत्या हजारीबाग में उनकी गर्लफ्रेंड काजल सिन्हा ने अपने नए प्रेमी रौनक कुमार के साथ मिलकर कर दी। इसके बाद उनकी लाश बोरी में बंद कर शहर से तीन किमी दूर छड़वा डैम में एक पुल के नीचे फेंक दी। शनिवार शाम पुलिस ने काजल की निशानदेही पर प्रशांत की सड़ी-गली लाश बरामद की। काजल और उसके प्रेमी रौनक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्रेमिका ने दोस्त के साथ मिलकर की हत्या

प्रशांत कुमार सिन्हा ने इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वर्ष 2023 में उन्होंने थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भी देश की ओर से भाग लिया था। वह सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित थे, लेकिन उनकी पहचान बैडमिंटन के एक शानदार खिलाड़ी के रूप में थी। प्रशांत 11 मार्च से जमशेदपुर के बिरसानगर स्थित अपने घर से लापता थे। उनके परिजनों ने 13 मार्च को उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में लिखाई थी। बाद में उन्होंने 22 मार्च को प्रशांत के अपहरण की आशंका जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई और हजारीबाग की काजल सिन्हा पर संदेह जताया।

जमशेदपुर और हजारीबाग की पुलिस ने शनिवार शाम काजल सिन्हा को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो मामले का खुलासा हुआ। काजल ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019 में उसकी दोस्ती प्रशांत से हुई थी। प्रशांत दिव्यांग थे, लेकिन उनके पास अच्छा-खासा पैसा था। काजल के मुताबिक पैसा देखकर उसने प्रशांत से दोस्ती बढ़ाई, लेकिन वह उससे प्यार करने लगे और उससे शादी करना चाहते थे। काजल उनसे अलग होना चाहती थी और पिछले कुछ समय से वह हजारीबाग के पेगौडा चौक निवासी रौनक से प्रेम करने लगी थी।

# ताइवान ने 6 चीनी नौसैनिक जहाजों और चार सैन्य विमानों को किया ट्रैक

ताइपे। ताइवान और चीन के बीच जारी विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। ताइवान ने रविवार को बताया कि चीन ने उसकी ट्रैरेट्री में छह नौसैनिक जगहों और चार सैन्य विमानों को भेजा है, जिसको ताइवान की सेना ने ट्रैक किया है। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीनी जहाजों और विमानों को स्थानीय समय के अनुसार शनिवार सुबह 6 बजे से रविवार सुबह 6 बजे के बीच ट्रैक किया गया।

वहीं, ताइवानी सेना ने चीन की हरकत के जवाब में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की गतिविधि पर नजर रखने के लिए विमान और नौसैनिक जहाज रवाना कर दी और वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली भी तैनात की। ताइवान ने आगे कहा कि चीन ने किसी भी विमान ने ताइवान जलडमरूमध्य मध्य रेखा को पार नहीं किया।

ताइवान ने इससे पहले शनिवार को आठ चीनी सैन्य विमानों और पांच नौसैनिक जहाजों को देश भर में सक्रिय होने का पता लगाया था। ताइवान ने शुक्रवार को भी पांच चीनी युद्धपोतों को भी ट्रैक किया था। मालूम हो कि ताइवान ने सिर्फ मार्च से अब तक 359 चीनी सैन्य विमानों और 204 नौसैनिक जहाजों को ट्रैक किया है।

## नवाज शरीफ का इशाक डार नेता बनेगा पाकिस्तान का वित्त मंत्री

कराची। पाकिस्तान के वर्तमान विदेश मंत्री इशाक डार देश का वित्त मंत्रालय संभाल सकते हैं। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता मुहम्मद जुबैर ने इसकी जानकारी दी। एआरवाई न्यूज ने इसकी सूचना दी है। चार बार के पूर्व वित्त मंत्री इशाक डार को पहली बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा पाकिस्तान के विदेश मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया था। यह पद उनको पिछले महीने प्रधानमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए चुने गए शहबाज सरकार द्वारा मिली। वहीं, शरीफ ने वित्त मंत्रालय की देखभाल के लिए पाकिस्तान के सबसे बड़े बैंक के सीईओ मुहम्मद औरंगजेब को नियुक्त किया।

# कोलिन्स ने रिबाकिना को अपदस्थ कर मियामी ओपन का खिताब जीता

मियामी ओपन खिताब जीतने वाली पहली अमेरिकी महिला बनी

फ्लोरिडा। गैरवरीय अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स ने डब्ल्यूटीए 1000 मियामी ओपन जीतने के लिए नंबर 4 वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना को 7-5, 6-3 से अपदस्थ कर अपने करियर का सर्वोच्च स्तर का खिताब हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों द्वारा पावर हिटिंग के 2 घंटे और 2 मिनट के जबरदस्त प्रदर्शन में, 30 वर्षीय कोलिन्स ने अपने करियर का तीसरा डब्ल्यूटीए एकल खिताब, अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब और 2021 से किसी स्तर पर अपना पहला खिताब अपने नाम किया।



उसने अपने पिछले 21 मैचों में से 17 में जीत हासिल की और शनिवार रात की जीत के साथ, अमेरिकी अगले सप्ताह तक विश्व में 22वें नंबर पर पहुंच जाएगी। कोलिन्स 2018 में स्लोएन स्टीफंस के बाद मियामी ओपन खिताब जीतने वाली पहली अमेरिकी महिला बनीं। वह मार्टिना नवरातिलोवा, क्रिस एवर्ट, तीन बार की चैंपियन वीनस विलियम्स, आठ बार की चैंपियन सेरेना विलियम्स और स्टीफ़ंस के बाद ताज जीतने वाली कुल मिलाकर छठी अमेरिकी महिला बन गई हैं। उन्होंने ऑफ-कोर्ट स्वास्थ्य समस्याओं के कारण इस सीज़न के अंत में संन्यास लेने का अपना निर्णय बरकरार रखा है। उन्होंने पेशेवर टेनिस से अपनी विदाई की कोई तारीख तय नहीं की है और कम से कम यूएस ओपन तक खेलने की योजना बना रही हैं। कोलिन्स ने टूर्नामेंट वेबसाइट से कहा,आज बाहर जाना और प्रशंसकों से मुझे जो ऊर्जा महसूस हुई और सचमुच ऐसा महसूस हुआ कि मैं अपने हजारों सबसे अच्छे दोस्तों के सामने खेल रही हूं, यह अद्भुत था, यह बिल्कुल अवास्तविक था। मैं इस दिन को कभी नहीं भूलूंगी। कोलिन्स ने खुलासा किया कि पिछले सीज़न के लिए उनकी योजनाओं में डब्ल्यूटीए 1000 जीतना शामिल था, और तथ्य यह है कि वह पेशेवर टेनिस नहीं खेलेंगी।

उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि आज मैंने इतना अच्छा खेला और अच्छा काम किया, इसका एक कारण यह था कि मेरी मानसिकता यह थी कि मैं इसके हर मिनट का आनंद लूंगी।

## ज्योतिष चमत्कार ( 1 अप्रैल 2024 )

### कल्याण

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 13 | 25 | 35 | 41 |
| मंगल | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 29 | 37 | 43 | 51 |
| बुध | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 39 | 45 | 53 | 63 |
| गुरू | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 47 | 57 | 65 | 73 |
| शुक्र | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 59 | 67 | 75 | 87 |
| शनि | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 69 | 79 | 89 | 95 |

| | |
|---|---|
| अंकों का बादशाह | 3 |
| सप्ताह का वरदान | 4 |
| सप्ताह में अचूक | 5 8 9 0 |
| स्पेशल | 51 82 96 07 |

### राजधानी नाईट

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 62 | 76 | 84 | 92 |
| मंगल | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 78 | 86 | 96 | 02 |
| बुध | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 80 | 98 | 04 | 12 |
| गुरू | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 90 | 06 | 14 | 26 |
| शुक्र | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 08 | 18 | 28 | 30 |

| | |
|---|---|
| अंकों का बादशाह | 9 |
| सप्ताह का वरदान | 8 |
| सप्ताह में अचूक | 7 2 3 4 |
| स्पेशल | 71 25 36 40 |

### सप्ताह में देखें

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | ´70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

### सप्ताह में देखें

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | ´79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

### अंक आपके पत्ते हमारे

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

### बीते चार सप्ताह के रिकार्ड

| कल्याण | | | | | | राजधानी | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 93 | 76 | 37 | 72 | 03 | 03 | 79 | 23 | 86 | 74 | 86 | |
| 39 | 27 | 39 | 08 | 28 | 96 | 68 | 25 | 85 | 79 | 17 | |
| 59 | 60 | 27 | 33 | 66 | 40 | 76 | 13 | 34 | 56 | 51 | |
| XX | 97 | 55 | 39 | 08 | 91 | XX | 18 | 31 | 83 | 55 | |
| | | | | | | | | | | | |

### 2023 के रुके जोड़ भाव

कल्याण 2023- -21-23-49-09

राजधानी नाईट 2023 -32-35-48-50-62-66-

**चेतावनी** :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## प्रथम पेज का शेष

*दिल्ली में 'इंडिया' की महारैली...*

पावर कट लगते हैं, सड़कें टूटी हैं. आइए एक नया भारत बनाते हैं, जहां सबको खाना मिले, कोई ग़रीब अनपढ़ न रहे, सबको अच्छी शिक्षा, अच्छा इलाज मिले. 24 घंटे बिजली हो, शानदार सड़कें हों. भारत के अध्यात्म को विश्व के कोने कोने तक पहुंचाएंगे. मैं ऐसा भारत बनाने के लिए आवाज़ करता हूं. अगर आप 'इंडिया' गठबंधन को मौक़ा देते हैं तो हम एक नया भारत बनायेंगे. केवल नाम में नहीं, दिल में 'इंडिया' है.

**देश में लोकतंत्र खतरे में : भगवंत मान-** 'इंडिया' गठबंधन की महारैली को संबोधित करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा देश का लोकतंत्र खतरे में है... ये देश किसी के बाप की जागीर नहीं है. ये 140 करोड़ लोगों का देश है... ये (भाजपा) क्या समझते हैं, इसको भी अंदर खत्म कर दो, उसको भी अंदर कर दो, ये नेता फ्रीज़ कर दो, क्या आप ऐसे जीत जाएंगे?... हुकूमत वो करते हैं जिनका दिलों पर राज होता है, यूं कहने पर तो मुर्गों के सिर पर ताज होता है... मैं नमस्कार करता हूं कि इन्होंने (कल्पना सोरेन और सुनीता सोरेन) इतने दुख झेले, इन्होंने क्या-क्या नहीं देखा... अरविंद केजरीवाल को तो आप (भाजपा) गिरफ्तार कर लेंगे लेकिन आप उनकी सोच को कैसे गिरफ्तार करेंगे? अरविंद केजरीवाल कोई व्यक्ति नहीं है, अरविंद केजरीवाल सोच का नाम है।

**यह लोकतंत्र और संविधान पर हमला : शरद पवार-** 'इंडिया' गठबंधन महारैली में एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा, इस सरकार (केंद्र सरकार) ने दिल्ली के सीएम, झारखंड के सीएम को गिरफ्तार किया है और विभिन्न राज्यों के कई अन्य नेताओं को भी जेल में डाल दिया है. यह कार्रवाई लोकतंत्र और संविधान पर हमला है... इसे (लोकतंत्र) बचाना हमारी जिम्मेदारी है. महारैली में एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा, इस सरकार (केंद्र सरकार) ने दिल्ली के सीएम, झारखंड के सीएम को गिरफ्तार किया है और विभिन्न राज्यों के कई अन्य नेताओं को भी जेल में डाल दिया है। यह कार्रवाई लोकतंत्र और संविधान पर हमला है.

**अखिलेश ने भाजपा को बताया ब्रह्मांड की सबसे झूठी पार्टी-** महारैली को संबोधित करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, ये रामलीला मैदान ऐतिहासिक मैदान है और आज जब हम लोग यहां एकत्रित हुए हैं और एकसाथ खड़े हुए हैं तो इस मैदान से ये ऐलान होने वाला है कि सत्ताधारी जो दिल्ली में बैठे है वो अब ज्यादा दिन नहीं रहेंगे. आज हम दिल्ली आए हैं. सुना है दिल्ली वाले आज दिल्ली से बाहर गए हैं. दिल्ली से जो आज बाहर जा रहे हैं वो हमेशा-हमेशा के लिए बाहर जा रहे हैं. ये लोग(भाजपा) जो 400 पार का नारा दे रहे हैं, अगर आपके 400 पार हो रहे थे तो आम आदमी पार्टी के नेता से आपको घबराहट किस बात की है?... मैं तो उस उत्तर प्रदेश से आता हूं जहां के लोगों ने भाजपा को मौका दिया और उनका स्वागत किया लेकिन याद रहे कि उत्तर प्रदेश के लोग जो स्वागत करते हैं वो धूम-धाम से विदाई भी करते हैं... आपने चुने हुए लोगों और मुख्यमंत्रियों को जेल भेज दिया. अखिलेश यादव ने कहा कि जिस लोकतंत्र के लिए दुनिया में भारत का सम्मान होता था, आज उसी भारत की दुनिया में किसी ने सबसे ज्यादा थूं-थूं करवाई है तो वो भाजपा के लोगों ने करवाई है... इनके 10 साल का कार्यकाल आप देखोगे तो ये ब्रह्मांड की सबसे झूठी पार्टी है... ये 400 पार नहीं 400 हारने जा रहे हैं... ईडी, सीबीआई से डराकर सबसे ज्यादा चंदा वसूलने का काम अगर किसी ने किया है तो वो भाजपा ने किया है.

देश में आघोषित इमरजेंसी लागू हो चुकी है- तेजस्वी यादव-बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री व आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, हम लोगों ने पहली रैली पटना में की, दूसरी मुंबई में की और तीसरी दिल्ली में हो रही है. देश के कोने-कोने में जहां भी हम जा रहे हैं, वहां जनता का साथ मिल रहा है... जिस हिसाब से देश को बांटने का काम किया जा रहा है... नफरत की राजनीति की जा रही है... हम चाहते हैं कि इस लड़ाई में हमें आपका साथ मिले... जो लोग नारा लगाते हैं कि अबकी बार 400 पार, उनका मुंह है, कुछ भी बोलेंगे लेकिन एक बात तय है कि जनता ही मालिक है... वे (भाजपा) लोग नारा लगा रहे हैं तो ऐसा लग रहा है कि पहले से ही ईव्हीएम सेटिंग हो चुकी है. देश में अघोषित इमरजेंसी लागू हो चुकी है. देश में सबसे बड़ा कोई दुश्मन है तो बेरोजगारी है, महंगाई है, गरीबी है.

*मेरठ में पीएम मोदी बोले...*

कि तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर काम हो रहा है। साथियों नमो ड्रोन दीदी योजना भी गांव में बहनों का भाग्य बदलने जा रही है। इसमें महिला स्वयं सहायता समूह को आधुनिक ड्रोन दिए जा रहे हैं। यह ड्रोन हमारी खेती का भविष्य बदलने वाले हैं। खेती का काम आसान करने वाले हैं। जब गांव की बेटियां ड्रोन पायलट बनेगी तो उनका गौरव भी बढ़ेगा और उनकी कमाई भी बढ़ेगी। किसानी भी सरल हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि कभी अयोध्या में राम मंदिर बनेगा ये लोगों को मुश्किल लगता था। लेकिन राम मंदिर बना और इस बार अवध में रामलला ने भी खूब होली खेली। ये मोदी गरीबी से टक्कर लेकर यहां पहुंचा है। इसलिए हर गरीब का दुख, हर गरीब की तकलीफ मोदी भली भांति समझता है। इसीलिए हमने गरीब की चिंता दूर करने के लिए योजनाएं बनाईं। गरीब को इलाज की चिंता न हो इसलिए पांच लाख वाली आयुष्मान योजना बनाई। केंद्र सरकार मुफ्त राशन दे रही है। जिसको किसी ने नहीं बूझा उसका सम्मान हमने लौटाया है। इस दौरान उन्होंने जनता से नारे भी लगवाए। उन्होंने कहा कि आज भारत इंफ्रास्ट्रक्चर पर अभूतपूर्व कार्य कर रहा है। आज नए अवसर देश में बन रहे हैं। आज देश की नारी शक्ति नए आयाम रच रही है।

**बड़ी कंपनियों के खिलाफ जीएसटी ...**

सीबीआईसी ने आगे कहा कि किसी सूचीबद्ध कंपनी या पीएसयू के संबंध में जांच शुरू करने या उनसे विवरण मांगने के लिए सीजीएसटी अधिकारियों को इकाई के नामित अधिकारी को समन भेजने के बजाय आधिकारिक पत्र जारी करना चाहिए। बोर्ड ने कहा कि इस पत्र में जांच के कारणों का विवरण देना चाहिए और उचित समयावधि में दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की मांग करनी चाहिए।

**आईटी ने कांग्रेस 3567 करोड़ की...**

के एस्ट्रोनॉमिकल फिगर से टैक्स की मांग हुई है। कांग्रेस मुक्त भारत के भाजपा मिशन के लिए उनके निष्ठावान राजस्व विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद। लेकिन ये याद रखें, भारतीय मतदाताओं ने कभी भी निरंकुश आचरण का समर्थन नहीं किया है। विपक्षी दलों के बिना कोई भी लोकतंत्र संभव नहीं है। टैक्स डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने पिछले सालों से जुडी टैक्स डिमांड के लिए पार्टी के खातों से 135 करोड़ रुपए पहले ही वसूल कर लिए हैं। हालांकि कांग्रेस ने इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की है, जिस पर सोमवार को सुनवाई हो सकती है। 25 मार्च को भी कोर्ट ने कांग्रेस की तीन याचिकाएं यह कहते हुए खारिज कर दी थीं कि कांग्रेस ने मूल्यांकन पूरा होने का समय खत्म होने से कुछ दिन पहले और प्रोसिडिंग के लास्ट स्टेज में कोर्ट में अपील करने का विकल्प चुना है। 8 मार्च को कोर्ट ने इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल (आईटीएटी) के आदेश को बरकरार रखा था। ट्रिब्यूनल ने 2018-19 के लिए 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के बकाया टैक्स की वसूली के लिए कांग्रेस को जारी डिमांड नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

**सीएए पर अब ये क्या बोल..**

महुआ मोइत्रा को संसद से निष्कासित कर किया गया अपमान- ममता ने कृष्णानगर से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के समर्थन में पहली चुनावी रैली में महुआ के निष्कासन का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि हमारी सांसद महुआ मोइत्रा का अपमान किया गया। लोकसभा से महुआ को इसलिए निष्कासित कर दिया गया क्योंकि वह भाजपा के खिलाफ मुखर थीं। महुआ के खिलाफ सीबीआइ जांच और उनके ठिकानों पर हाल में केंद्रीय एजेंसी की छापेमारी की कार्रवाई की भी आलोचना की।

# आज से बदल जाएंगे 5 नियम, सीधे आपके जेब पर पड़ेगा असर

नई दिल्ली। एक अप्रैल 2024 से कई नियम बदलने जा रहे हैं। जिसका असर सीधे आपकी जेब पर पड़ने वाला है। 1 अप्रैल को नए वित्तीय वर्ष (वर्ष 2024-25) की शुरुआत होती है। केंद्रीय बजट में उल्लिखित आयकर व्यवस्था के सभी अद्यतन नियम इस तिथि से प्रभावी होते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फरवरी में अंतरिम बजट की घोषणा की, जो वित्तीय वर्ष-25 से प्रभावी होगा। यहां टैक्स व्यवस्था, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस), कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), बीमा और म्यूचुअल फंड (एमएफ) के नियमों में बदलाव होना है।

### टैक्स स्लैब

अंतरिम बजट के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 के अनुरूप, नए वित्तीय वर्ष (वर्ष 2024-25) के लिए आयकर स्लैब अपरिवर्तित रहे। शून्य रुपये से 3,00,000 रुपये तक की आय को कर से छूट दी जाएगी। 3,00,001 रुपये से 6,00,000 रुपये तक की आय स्लैब पर 5 प्रतिशत, 6,00,001 रुपये से 9,00,000 रुपये तक 10 प्रतिशत, 9,00,001 रुपये से 12,00,000 रुपये तक 15 प्रतिशत, रुपये पर कर लगेगा। 12,00,001 से 15,00,000 रुपये तक 20 प्रतिशत, और 15,00,000 रुपये और इससे अधिक पर 30 प्रतिशत।

### नई कर व्यवस्था के लाभ

0 यात्रा और किराए की रसीदों का रिकॉर्ड बनाए रखने की आवश्यकता नहीं

0 बुनियादी छूट की सीमा 2.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 3 लाख रुपये कर दी गई है

0 कर योग्य सीमा को 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख रुपये किया गया।

0 सरचार्ज दरें 37 फीसदी से घटाकर 25 फीसदी कर दी गई हैं. ये घटी हुई दरें 5 करोड़ रुपये से अधिक आय वाले करदाताओं के लिए लागू हैं।

### जीवन बीमा पॉलिसियां

केंद्रीय बजट 2023 के अनुसार, नई कर व्यवस्था के तहत, जीवन बीमा पॉलिसियों से प्राप्त राशि कर योग्य होगी यदि भुगतान किया गया वार्षिक प्रीमियम एक वर्ष में 5 लाख रुपये से अधिक है।

भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने पहले घोषणा की थी कि बीमा पॉलिसियों का डिजिटलीकरण 1 अप्रैल, 2024 से अनिवार्य हो जाएगा। यह शासनादेश जीवन, स्वास्थ्य और सामान्य बीमा सहित सभी बीमा श्रेणियों पर लागू होगा, जिसके लिए पॉलिसियां जारी करने की आवश्यकता होगी। इलेक्ट्रॉनिक रूप से.

### राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस)

पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने सुरक्षा सुधार के लिए दो-कारक प्रमाणीकरण उपाय पेश किया। सीआरए प्रणाली में सभी पासवर्ड-आधारित लॉगिन के लिए दो-कारक आधार-आधारित प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा।

### ईपीएफओ

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन अब नौकरी बदलने पर ग्राहक की शेष राशि को स्वचालित रूप से उनके नए संगठन में स्थानांतरित कर देगा। ईपीएफओ खाताधारकों को पीएफ राशि ट्रांसफर करने के लिए अनुरोध की आवश्यकता नहीं है।

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश भाजपा के आह्वान पर आज जिला भाजपा के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक बूथ में पार्टी का झंडा घर-घर बांधकर बूथ विजय का शंखनाद किया। अपने निवास स्थान में जिला भाजपा के उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना झंडा बांधते हुए।

# लोकसभा चुनाव को लेकर बांधाबाजार में कांग्रेस की बैठक

बांधाबाजार (दावा)। पूरे देश प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है, लोकसभा क्षेत्र के अलावा केंद्रीय स्तर पर भी रोज लंबी-लंबी बैठक के हो रही है।

शनिवार को बांधाबाजार में सेक्टर बैठक संपन्न हुई बैठक में वर्तमान खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, रितेश मेश्राम उपाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता राम किशन खंडेलवाल सहित अन्य वरिष्ठ शामिल हुए। बांधाबाजार में आयोजित बैठक में विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिस तरह से आप सभी ने मुझे वोट देकर जीत हासिल कराई है, ठीक उसी प्रकार लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पक्ष में चुनाव प्रचार एवं वोट डालकर हमें जीत हासिल करना है। लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए भोलाराम साहू ने जोन एवं सेक्टर प्रमुखों को कड़ी मेहनत करने के लिए अपील किया, युवा कार्यकर्ताओं को भी सोशल मीडिया में अभी से सक्रिय हो जाने के लिए मार्गदर्शन किया।

बैठक में प्रमुख रूप से बेनीराम साहू, राम साहू, शेशवरी धुर्वे, मनोहर लाउत्रे, परस सोनवानी, रामदास साहू, घनश्याम, आशा देवी गायकवाड कुंजाम, बिसाहू निर्मलकर, नारद सहित अन्य मौजूद रहे।

## रेलवे इंस्टिट्यूट में मनाया गया महिला होली मिलन समारोह

डोंगरगढ़(दावा)। महिलाओं द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में महिला रेलवे कर्मचारीयों एवं रेलवे के सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में माँ शक्ति महिला समूह का उद्घाटन किया गया।

शक्ति वाहिनी ग्रुप के लोगों ने भी होली मिलन समारोह में बढ़-चढ़कर हिसा लिया। इसमें कई सास्कृतिक कार्यक्रम एवं मनोरंजन कार्यक्रम किया गया। साथ ही साथ कई महिलाओं का विशेष सम्मान भी किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एस.वेंकट स्वामी (चिन्नी) शाखा सचिव एवम रेलवे इंस्टिट्यूट के प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## बूथ विजय संकल्प अभियान के तहत भाजपा का झंडा घर-घर फहराया

*लोकसभा प्रत्याशी संतोष पांडे को विजई बनाने का लिया संकल्प - द्विवेदी*

डोंगरगढ़(दावा)। प्रदेश भाजपा के आह्वान पर आज डोंगरगढ विधानसभा के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक बूथ में पार्टी का झंडा घर घर बांधकर बूथ विजय का शंखनाद किया। इसी तारतम्य में भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ शहर भाजपा मण्डल डोंगरगढ़ के बूथ क्रमांक 156 एवं बूथ क्रमांक 157 में बूथ अध्यक्षों एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी का झंडा लगाकर तथा केंद्र सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। प्रदेश संयोजक श्री द्विवेदी ने लाभार्थियों से संपर्क कर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए लोकसभा प्रत्याशी सांसद भाई संतोष पांडे को भारी मतों से विजई बनाने का आह्वान किया। बूथ विजय संकल्प अभियान में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश चौरड़िया, पार्षद द्वय डिकेश राव, कमलेश धमगाये, बूथ अध्यक्ष गण रतन कोशे, गिरेंद्र साहू, ऋषभ डखा, दादू खोब्रागड़े, नरेंद्र कुमार टेमरे, बाबूराव ,मुकेश लाऊत्रे ,शुभम परिहार आदि मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त जिला पंजीयक अधिकारी श्रीमती मीना वाढेरा को बधाई दी

बालोद (दावा)। स्थानीय जिला पंजीयक कार्यालय में विगत दिन विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आज 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो रही जिला पंजीयक अधिकारी श्रीमती मीना वाढेरा को बधाई एवं उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं देते हुए समस्त अन्य अधिकारी तथा कर्मचारियों ने शाल - श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर श्रीमती वाढेरा अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि, विभागीय कार्यों में सभी ने मुझे पूरा सहयोग किया, खासकर ऐसे परिस्थितियों में जब उच्च अधिकारियों के निर्देशों का समयावधि पालन आदि हो।

कभी-कभी मुझसे भी सहयोगियों को कठोर शब्द का प्रयोग कर दिया गया, किन्तु किसी ने भी नाराजगी जाहिर नहीं की, बल्कि कार्य की गंभीरता को समझा। अंत में उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में बालोद उपपंजीयक वेद प्रकाश सहारे ने सम्बोधित करते हुए बताया कि श्रीमती वाढेरा का उन्हें सदैव ही समुचित मार्गदर्शन मिलता रहा, यह सुखद अनुभव अविस्मरणीय रहेगा। गुरुर उपपंजीयक श्रीमती रश्मि सोनी ने कहा कि श्रीमती वाढेरा ने छ.ग. राज्य के जिन स्थानों में भी अपनी सेवाएं दीं सराहनीय है, कार्यालीन स्टॉप को परिवारिक माहौल भी प्रदान किया।

इस कड़ी में बालोद दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण दुबे ने श्रीमती वाढेरा के आदर्श व्यवहार व सफल नेतृत्व का वर्णन किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुण्डरदेही उपपंजीयक विजय मुले, लोहारा उपपंजीयक दिनेश लाड़के सहित नरेंद्र यादव, विजय त्रिपाठी, पंकज साहू, पूनम मेश्राम एवं बालोद दस्तावेज लेखक संघ से शिव कुमार सिंह गौतम, जुनैद कुरैशी, भूपेंद्र कुमार चंद्राकर, गोल्डी सिंह गौतम, जनक चंद्राकर, मनोहर लाल साहू एवं स्टाम विक्रेता सदस्य गण उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा सत्र 2023-24 का आयोजन

खैरागढ़ (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बैहाटोला में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा सत्र 2023-24 का आयोजन किया गया। जिसमें एक ही स्कूल से चार छात्राओं का चयन हुआ। स्कूल से क्रमशः रेशमा कुंजाम 78वा, खुश्बू कुंजाम 72वा, हिना वर्मा 89वा, दीसि वर्मा 99वा का होने से शाला गौरान्वित हुआ है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के शालाओं में बेगलेश डे की शुरुआत भी इन्हीं शाला के नवाचारी प्रधानपाठक व अंतर्राष्ट्रीय कलाकार किशोर शर्मा के कला कार्यो को देखकर मुख्यमंत्री के घोषणा पश्चात स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू किया गया है। शाला में अनेक नवाचार जैसे कला कार्यशाला, शैक्षणिक, समाजिक, राष्ट्रीय, आई.टी.सी और व्यवसायिक शिक्षा आदि गतिविधियाँ होती है। इसके अतिरिक्त शाला में अनेक सिद्धहस्त महानुभावों को आमंत्रित कर जीवन कौशल, कैरियर काउंसलिंग, ऋापट कार्यशाला शाला समय पश्चात व अवकाश दिवसों में संचालित होती है।

राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी छात्रों को आठवीं कक्षा में पढ़ाई छोड़ने से रोकने और उन्हें माध्यमिक स्तर पर अपनी शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित करने को लेकर छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। हर साल नौवीं कक्षा के चयनित छात्रों को एक लाख नई छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं और राज्य सरकार, सरकारी सहायता प्राप्त व स्थानीय निकाय के विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए दसवीं से बारहवीं कक्षा में उनकी निरंतरता/नवीनीकरण किया जाता है। इस छात्रवृत्ति की धनराशि 12000/- रुपये प्रति वर्ष है। राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएसएस) को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल (एनएसपी) पर शामिल किया गया है- जो छात्रों को दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म है। एनएमएमएसएस छात्रवृत्ति की धनराशि को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) मोड के बाद सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के जरिए इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण द्वारा सीधे चयनित छात्रों के बैंक खातों में भेजी जाती है। यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी लालजी द्विवेदी केसीजी, बी.ई ओ. नीलम राजपूत खैरागढ़, बी.आर.सी.सुजीत चौहान, शिक्षाविद व विशेष सहयोगी विजय वर्मा, रूपेश निषाद, ग्राम सरपंच राधेलाल उइके, शाला विकास समिति अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ग्रामवासियों, संकुल समन्वयक समयलाल धुर्वे, संकुल प्रभारी पूनम पांडेय सहित शिक्षकों कल्याण दास वर्मा, सत्यकुमार घावड़े, तीरथ साहू, दिनेश चन्देल, सन्तोषी वर्मा ने शुभकामनाएं व प्रोत्साहन दिया है।

## गैंदाटोला में हुआ विहिप, बजरंग दल ग्राम कार्यकारिणी का गठन

**राजनांदगांव (दावा)। हिंदुओं के संरक्षण के उद्देश्य से कार्यरत एकमात्र संगठन विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल अपने विस्तार को तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। हिंदू समाज को सशक्त बनने एवं युवा पीढ़ी में सेवा सुरक्षा संस्कार का संस्कार जगाने के उद्देश्य से बजरंग दल के पदाधिकारी ग्राम-ग्राम तक पहुंच समिति निर्माण कर रहे है, जिसमें ग्राम गैंदाटोला में विहिप, बजरंग दल ने अपनी ग्राम समिति घोषित की।**

विहीप खंड अध्यक्ष के रूप में भूपेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष कोमल साहू, मंत्री आशीष गुप्ता, सह मंत्री अग्नेश चंद्रवंशी, सत्संग प्रमुख रिपलावन साहू, सत्संग सह प्रमुख प्यारेलाल साहू चुने गए एवं बजरंग दल खंड सयोजक के रूप में गुलशन साहू, सहसंयोजक हेमंत देवांगन, गौ सेवा प्रमुख टेमन मानिकपुरी, विद्यार्थी प्रमुख लेखुदास मानिकपुरी, सुरक्षा प्रमुख धनेश्वर गुप्ता, साप्ताहिक मिलन प्रमुख संजय मानिकपुरी चुने गए। उक्त स्थान पर विहिप पधाधिकारी जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, जिला मंत्री अनूप श्रीवास, साहित बजरंग दल जिला संयोजक सुनील सेन, विहिप नगर मंत्री बाबाजी मेश्राम, मनीष त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## रिया वेलफेयर सोसायटी द्वारा बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यशाला संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। राज्य स्तरीय संस्था रिया वेलफेयर सोसायटी खैरागढ़ के तत्वाधान में आज राजनांदगांव जिले के लाल बहादुर नगर, पाथरी के सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के व्यक्तित्व विकास एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें संस्था के द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें सभी विद्यार्थी गणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यशाला के शुरुआत में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा सुंदर कविता पाठ किया गया । संस्था के द्वारा कक्षा नर्सरी से पहली कक्षा के बच्चों को सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछ कर उनके बौद्धिक ज्ञान का परिचय लिया गया जिसका बच्चों ने बहुत ही सटीक शब्दों में जवाब दिया, सही जवाब देने वाले बच्चों को संस्था के द्वारा पहाड़ा पुस्तक देकर सम्मानित किया गया । संस्था के सदस्य अभय यदु ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए पर्यावरण एवं जल संरक्षण को लेकर बच्चों में जागरूकता का संदेश देते हुए सभी से पौधरोपण करने की अपील की गई ।

अध्यक्ष राहुल यादव ने संस्था के उद्देश्य एवं आगामी कार्य योजना से बच्चों अवगत कराते हुए भविष्य में इसी तरह और भी अनेक कार्यक्रम उनके बीच उनके सर्वांगीण विकास को लेकर करने की बात कही गई । कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य ढालचंद यादव जी ने संस्था का आभार प्रकट करते हुए संस्था के द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर की जा रही इस पहल को सराहा गया एवं संस्था को आने वाले समय में इसी तरह विद्यालय प्रबंधन के सहयोग रहने की बात कही गई । इस दौरान रिया वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक राहुल यादव, सचिव वैभव यादव, कोषाध्यक्ष दीपेश यादव, सदस्य अभय यदु, तोरण पटेल एवं विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण सहित सभी विद्यार्थी मौजूद रहे । उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन का अहम योगदान रहा।

## भाजपा ने विजय संकल्प दिवस मनाया

राजनांदगाँव (दावा)। संसदीय क्षेत्र के सभी भाजपा मंडलों में आज विजय संकल्प अभियान प्रारंभ किया गया जिसके तहत सभी मतदान केंद्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने घरों में भाजपा का झण्डा लगाकर विजय का संकल्प लिया। इस अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता बूथ केंद्र के घरों मे जाकर भाजपा का झण्डा लगाने का कार्य कर रहें हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, भाजपा नेता बंटी भाटिया ने अपने घरों मे भाजपा का झण्डा फहराया। कर आम नागरिकों से कहा की केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने 10 वर्षों के शासनकाल में देश का गौरव ही नहीं बढाया बल्कि देश को आर्थिक व सामरिक दृष्टि से भी मजबूत बनाया हैं। इससे पूरी दुनिया में भारतीयों का सिर गर्व से ऊंचा हो गया हैं। भाजपा नेताओं ने क्षेत्र की जनता से एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा की मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल बडे-बडे फैसलों का होगा, जिससे देश की उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा इसके लिए आवश्यक है की क्षेत्र की जनता भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय को बड़ बहुमत से विजय बनावे।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में रेल अधिकारी एवं रेल कर्मचारी हुए सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वर्ष 2022-2023 हेतु प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार (महाप्रबंधक स्तर)महाप्रबंधक स्तर का आयोजन दिनांक 28 मार्च को नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट सभागार बिलासपुर में किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, आलोक कुमार, सेक्रो अध्यक्षा डॉ.श्रीमती वनिता जैन सहित समस्त विभागाध्यक्ष, तीनो रेल मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक तथा बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित थे। भारत में पहली बार रेल का शुभारंभ 16 अप्रैल 1853 में मुम्बई से थाणे के मध्य रेल चलाकर की गई थी। इस ऐतिहासिक घटना की याद में रेल मंत्रालय सहित सभी क्षेत्रीय रेलव, वर्कशॉप, यूनिटों एवं मंडलों में प्रति वर्ष रेल सप्ताह मनाया जाता है। रेल सप्ताह समारोह में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विगत वित्तीय वर्ष मे उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्यो के लिए उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया जाता है। इसी कड़ी दिनांक 28 मार्च को बिलासपुर मुख्यालय में आयोजित प्रथम विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार एवं रेल सेवा पुरस्कार (महाप्रबंधक स्तर) समारोह में आलोक कुमार द्वारा तीनों मंडल के उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करने वाले 08 अधिकारी एवं 61 कर्मचारियों को महाप्रबंधक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी रेल मंडलों एवं विभागों को शील्ड वितरण किया गया। इसके तहत उत्कृष्ट कार्यो के लिए तीनों रेल मंडलों के विभिन्न विभागों के मध्य 52 उत्कृष्टता शील्ड प्रदान की गयी।

**हर मापदंड पर बेहतर कार्य के लिए बिलासपुर एवं नागपुर रेल मण्डल को वर्ष 22.23 हेतु ओव्हर आल इफिसिएंसी सतपुड़ा शील्ड से नवाजा गया**

वर्ष 2022-23 हेतु मेजर दक्षता शील्ड के अंतर्गत नागपुर मंडल को कुल 7 शील्ड (वाणिज्य, इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, स्टोर, बेस्ट स्टेशन राजनांगांव तथा बेस्ट तुमसर रोड इंस्टिट्यूट) तथा 12 माइनर शील्ड (1. बेस्ट वर्क यूनिट /एस एस ई वर्क्स.गोंदिया, 2.बेस्ट मीडियम डिपो /डेमू शेड गोंदिया, 3. बेस्ट वर्क्स शॉप/मोतीबाग वर्क्स शॉप, 4. बेस्ट हेल्थ यूनिट सेंट्रल/ तुमसर रोड यूनिट, 5. बेस्ट आर पी एड पोस्ट/गोंदिया, 6. बेस्ट कम्युनिकेशन डेपो/एस एस ई गोंदिया, 7.बेस्ट सेफ्टी ऑफिस/नागपुर, 8.राजभाषा शील्ड/नागपुर, 9.बेस्ट हिंदी भाषा शील्ड/हिंदी विभाग, नागपुर, 10. बेस्ट क्रू बुकिंग पॉइंट/कलमना, 11.बेस्ट सिविल यूनिट/डिप्टी.चीफ इंजीनियर (निर्माण), नागपुर एवं 12.बेस्ट इलेक्ट्रिकल. दूरसंचार यूनिट/डिप्टी.चीफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (निर्माण) नागपुर) शामिल है। साथ ही हर मापदंड पर बेहतर कार्य करने के लिए तीनों मंडलों में से नागपुर मंडल एवं बिलासपुर मंडल को संयुक्त रूप से ओव्हर आल इफि यिएंसी सतपुड़ा शील्ड से नवाजा गया है ।

## होली मिलन समारोह आयोजित

पेज 7 (28 मार्च 2024 भोजेश साहू फोटो-भोलाराम साहू)

**खुज्जी विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए**

कुमदा (दावा)। ग्राम कुमरदा में परिक्षेत्रीय साहू समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक श्री साहू के पहुंचते ही साहू समाज के द्वारा विधायक भोलाराम साहू को तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया और एक दूसरे को गुलाल तिलक लगाकर होली पर्व की बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया, विधायक भोलाराम साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि साहू समाज निरंतर आगे बढ़ते रहे और सबके जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली लाए यही भगवान से प्रार्थना करता हूँ। होली मिलन समारोह में परिक्षेत्रीय साहू

# भाजपा के महतारी वंदन पर कांग्रेस ने खेला आठ गुना राशि वाली महालक्ष्मी पर दांव

रायपुर। छत्तीसगढ़ में भाजपा के महतारी वंदन योजना से मुकाबला करने के लिए कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में आठ गुना राशि वाली महालक्ष्मी नारी न्याय योजना पर दांव खेला है। कांग्रेस का यह दांव कितना सफल होगा, यह चार जून को लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल, कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रदेशभर में जागरूकता अभियान चलाकर योजना की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने में जुट गए है। कांग्रेस की ओर से इसके लिए आवेदन फार्म भरवाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

प्रदेश में भाजपा की महतारी पर कांग्रेस की महालक्ष्मी के दांव पर अर्थशास्त्रियों का मानना है कि ऐसी योजनाओं से महिलाओं की आर्थिक स्थिति तो सुधरती है लेकिन अर्थव्यवस्था पर इसका काफी दुष्प्रभाव पड़ता है। जानकारों का कहना है कि पार्टी के रणनीतिकारों को यह भी बताना चाहिए कि यह कैसे संभव हो पाएगा। बताते चलें कि राज्य सरकार की ओर से महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं के खाते में पिछले माह मार्च से एक हजार रुपये की राशि दी जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी। प्रदेश में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने में महतारी वंदन योजना की अहम भूमिका मानी जाती है।

राज्य सरकार पर इससे 68 हजार करोड़ का अतरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में गरीब परिवार की एक महिला को प्रतिमाह 8,333 रुपये देने की गारंटी दी है। प्रदेश में अनुमानित 67 लाख से अधिक गरीब परिवार हैं। यदि एक महिला को 8,333 रुपये दिया जाता है तो 8,400 करोड़ से अधिक की राशि खर्च होगी। देश में गरीबी की स्थिति जानने के लिए 2011-12 में सर्वे हुआ था। सर्वे में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या 27 करोड़ आंकी गई थी, जो वर्तमान में इससे कहीं अधिक होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### राजस्व की कमी से नहीं हो पाता निवेश

अर्थशास्त्री बीएल सोनकर ने कहा, सरकार की ओर से जो भी राशि दी जाती है, वह टैक्स की होती है। राशि देने के बाद राजस्व में कमी आती है, जिसके कारण निवेश करने में समस्या उत्पन्न होती है। निवेश नहीं होने से विकास कार्य नहीं हो पाते हैं। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से राशि बाजार में आती है, जिससे मांग बढ़ती है। मांग बढ़ने से उत्पादन बढ़ता है, जिसके लिए निवेश करना पड़ता है। सरकार के पास निवेश के लिए राशि नहीं होने पर लोगों की मांग को पूरा करने के लिए उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को आगे लाना पड़ता है। इसका फायदा सरकार को न होकर उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को होता है। उनका कहना है कि सरकार को रोजगार के माध्यम से राशि दी जानी चाहिए। कुछ ना कुछ काम जरूर लेना चाहिए।

कोरोना जैसी आपातकालीन परिस्थितयों में बाजार को संचालित करने के लिए महतारी और महालक्ष्मी जैसी योजनाएं ठीक हैं। लेकिन, इसे पालिसी बनाना देश की अर्थव्यवस्था के लिए सही नही है। इससे देश की अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ता है। कोई भी निश्शुल्क योजना लंबे समय के लिए अच्छी नहीं मानी जाती है।

राजनीतिक विशेषज्ञ डॉ. अजय चंद्राकर ने कहा, किसी भी राजनीतिक पार्टी को लोगों को निःशुल्क राशि देने के बजाए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने पर जोर देना चाहिए। लोगों को बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में काम हो तो बेहतर है। देश की अर्थव्यवस्था कमजोर करने की बजाए मजबूत करनी चाहिए।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, कांग्रेस की ओर से महालक्ष्मी नारी न्याय योजना के लिए फार्म भरवाया जा रहा है, लेकिन न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी। प्रदेश में लोगों का कांग्रेस से भरोसा पूरी तरह से उठ चुका है। चाहे वे एक लाख रुपये दें या पांच लाख देने की बात कहें। जनता अब विश्वास नहीं करने वाली है।

कांग्रेस संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, देश की जनता बदलाव के मूड में हैं। महिलाएं महंगाई से परेशान है। कांग्रेस के वादे में भरोसा दिख रहा है। देश की आधी आबादी केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाने को तैयार है। मुख्यमंत्री साय को इसका अंदाजा हैं। वे बौखलाहट में यह बातें कह रहे हैं।

## महतारी वंदन की दूसरी किश्त आज नहीं कल-परसों आएगी

**वित्तीय वर्ष खत्म होने के कारण 1 अप्रैल को बैंक रहेंगे बंद**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की महिलाओं को दी जाने वाली महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त आज 1 अप्रैल के बजाय कल 2 अथवा 3 तारीख को आएगी। बता दें कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने एक अप्रैल को महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त की राशि जारी करने का वादा किया था। किंतु साल का वित्तीय वर्ष खत्म होने के कारण 1 अप्रैल को छुट्टी का दिन होगा। इससे महतारी वंदन की राशि भेजना संभव नहीं है। अतः उक्त राशि अब कल 2 और 3 अप्रेल को राशि जारी किए जाएंगे जो महिलाओं के बैंक खाते में आ जाएगी।

बता दें कि मुख्यमंत्री श्री साय ने इससे पहले 1 अप्रैल के दिन महिलाओं के बैंक खाते में महतारी वंदन की राशि जारी करने का वादा किया था। लोगों ने इसे 1 अप्रैल वाला अप्रैल फूल समझ लिया था और लोग इसे मजाक में ले रहे थे। लिहाजा मुख्यमंत्री ने 1 अप्रैल को बैंकों के वित्तीय वर्ष के खत्म होने के दिन के चलते महतारी वंदन की राशि भेजने की तारीख अब 2 व 3 अप्रैल कर दी है। बताया जाता है कि उस समय इस बात की उन्हें जानकारी नहीं थी कि वित्तीय वर्ष खत्म होने पर 1 अप्रैल के दिन बैंक की छुट्टी रहती है। शनिवार को जब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायपुर के कांदुल में भाजपा के विजय बूथ अभियान में शामिल हुए तब उन्होंने ने इसकी जानकारी दी और बताया कि जो एक अप्रैल को महिलाओं को राशि जारी करने का वादा किया था मगर अब ये 1 अप्रैल को नहीं हो पाएगा। इसकी वजह उन्होंने वित्तीय वर्ष खत्म होना बताई है।

बहरहाल महतारी वंदन योजना का लाभ पाने वाली महिलाएं अब 2 या 3 अप्रैल को अपना बैंक खाता अवश्य चेक कर लेंगे। इस दिन तक बैंक खाते में महतारी वंदन योजना की दूसरी किश्त की राशि जमा हो जाए रहेगी।

## हार की बौखलाहट से भूपेश बघेल का धर्म विरोधी चेहरा हुआ बेनकाब – संतोष पांडे़

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे ने आज चौकी विधानसभा क्षेत्र के छछानपहरी, सांगली, कौडूटोला, भडसेना, चिल्हाटी, ओटेबांधा, रेंगाकठेरा, सिंघाभेडी सहित अनेक ग्रामों में सघन जनसम्पर्क एवं जनआशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार सनातन संस्कृति और हिन्दुत्व का अपमान करते रहे है।

श्री पांडे ने कहा कि 'विष्णु को भ्रष्टाचार का भोग लग रहा' जैसा बयान देकर बघेल न केवल अपनी राजनीतिक कुंठा का प्रदर्शन कर रहे हैं, अपितु सनातन परम्परा के प्रति अपनी घृणा का शर्मनाक प्रदर्शन भी कर रहे हैं।

भाजपा प्रत्याशी श्री पांडे ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के इस बयान की कडी भर्त्सना करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति और हिन्दुत्व के प्रति विष वमन करके बघेल ने करोड़ों जनता की भावनाओं और आस्था को ठेस पहुँचाने का कृत्य किया है । पूर्व मुख्यमंत्री हिन्दुत्व की जन आस्था से जुड़े प्रतीकों का अपमान अपनी तयशुदा हार की बौखलाहट में कर रहे हैं। इसके

**भ्रष्टाचारियों के सरगना रहे भूपेश बघेल के मुँह से ईमानदारी की बातें अच्छी नहीं लगती**

लिए बघेल पूरे प्रदेश की जनता से निःशर्त माफी मांगें। भाजपा एवं प्रदेश की जनता ऐसे अधर्मी बयान को सहन नहीं करेगी।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे ने कहा कि भ्रष्टाचार पर बघेल का बयान 'सूप बोले तो बोले, चलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद' की उक्ति को चरितार्थ करने वाला है। अपने शासनकाल में भ्रष्टाचारियों के सरगना रहे भूपेश बघेल के मुँह से भ्रष्टाचार को लेकर बातें करना शोभा नहीं देता। श्री पांडे ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों, गरीबों, अजा-अजजा वर्ग के लोगों, पिछड़ा वर्ग के लोगों का हक मारने, महादेव एप का घोटाला करके युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने और गौधन न्याय योजना तक में घपलेबाजी करके गौमाता को अपमानित करने वाले भूपेश बघेल प्रदेश में भ्रष्टाचार के प्रतीक बन गये हैं।

श्री पांडे ने कहा कि भूपेश बघेल पहले प्रदेश को यह बताएं कि 15 महीनों से जेल में बंद सौम्या चौरसिया के क्या वे आज भी पैरोकार हैं? क्या आज भी वह सौम्या के वकील हैं? बघेल यह भी साफ करें कि अपनी जिस उपसचिव सौम्या की वकालत वह करते रहे हैं, उसे अब तक क्यों जमानत तक के लाले क्यों पड़े हुए हैं? उन्होंने कहा कि अपने मुख्यमंत्रित्व काल में भ्रष्टाचारियों को बचाने का कृत्य बघेल ने किया है, अपनी उपसचिव सौम्या चौरसिया के भ्रष्टाचार में उनकी कितनी संलिप्तता है, यह जानकारी प्रदेश की जनता को भूपेश बघेल पहले बताएँ, तब ईमानदारी की बात करें। श्री पाण्डेय के साथ चुनाव प्रचार दौरे में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, जिला महामंत्री रवींद्र वैष्णव, राजेश सिंघी, गुलाब गोस्वामी, अरुण यादव, देवनारायण कुंभकार, भूषण ठाकुर, सतीश शर्मा, काशी निषाद, रामधार हिरवानी, भंगीराम साहू, नेहरू रजक, तीजुराम साहू, केशव पटेल, बिन्दु यादव, गौरीशंकर गुरले, चुन्नू साहू, गयादास साहू, शंकर नेताम, हितराम कुंभकार, सोनू कशेर, चेतन साहू, एकलव्य साहू, आशीष, अमरदास साहू, श्रीराम शोरी, धुकूराम पैकरा, कल्पना वटटी, छत्रु साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रधानपाठकों को मिला खुला प्रश्न पत्र-पैकेट की गोपनीयता पर सवाल ?

**मामले में अब तक कोई कार्यवाही नहीं-आज परीक्षा प्रारंभ, शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं की वार्षिक परीक्षा का मामला**

डोंगरगांव (दावा)। वर्ष भर मेहनत करके शिक्षक व बच्चे वार्षिक परीक्षा की तैयारियां करते हैं और ऐन परीक्षा के मौके पर अपनी सुविधा के अनुसार गोपनीय रखे प्रश्न पत्र को पैकेटों से खोलकर प्रधानपाठकों को बांट दिया गया है, ऐसे में आधा पैकेटों में और आधा पैकेट खोलकर बांटे गए प्रश्न पत्र पर अनेक सवाल उठ रहे हैं। ज्ञात हो कि शासन व्दारा आयोजित होने वाले जिला स्तरीय वार्षिक परीक्षा को लेकर लापरवाही सामने आयी है, यह मामला बीजाभांठा संकुल का है जिसके प्रभारी संकुल समन्वयक सुदामा साहू ने प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग करते हुए प्रश्नपत्र व उत्तरपुस्तिका के पैकेट खोलकर वितरण कर दिया है। अब इस बात की पुष्टि स्वयं संकुल समन्वयक ने कर दी है और अपनी गलती मान भी रहे हैं लेकिन इस बड़ी चूक का खामियाजा पूरे जिले के बच्चों को भुगतना पड़ सकता है और प्रधानपाठकों द्वारा सावधानी नहीं बरती गई तो वार्षिक परीक्षाओं के प्रश्नपत्र सार्वजनिक हो सकता है।

जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा विभाग द्वारा डोंगरगांव ब्लॉक में प्रश्न पत्र की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध कराई गई है, जिसमें पहले तो सभी स्कूलों से कक्षावार दर्ज संख्या मांगी गई थी और मांग से कहीं अधिक प्रश्नपत्र के पैकेट ब्लॉक में वितरित किया गया है. जिसमें प्रश्न पत्र का गोपनीय पैकेट 5,10,20, 30 व 50 की संख्या के आधार पर तैयार किया गया है, विभाग द्वारा इतनी व्यवस्था के बाद भी सील बंद लिफाफा को खोलकर प्रश्न पत्रों को बांटा जाना संकुल संमन्वयक की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

बता दें कि प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों की परीक्षाएँ आज 1 अप्रैल सोमवार से प्रारंभ हो रही है, जो कि आगामी 8 अप्रैल तक संचालित होगी। इसके लिए जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग के द्वारा सभी ब्लॉक में प्रश्न पत्र व उत्तरपुस्तिका का सील बंद पैकेट को परीक्षा के निर्धारित समय के पूर्व नहीं खोले जाने का निर्देश बड़े-बड़े अंग्रेजी अक्षरों में लिखा गया है और पैकेट लेने वाले संबंधितों के लिए निर्देश है कि सीलबंद पैकेट ही स्वीकार करें, इसके बावजूद पैकेट को खोलकर खुला प्रश्नपत्रों का वितरण किया गया है, इन प्रश्नपत्र पैकेटों को खोलने के पहले निरीक्षक, केन्द्र अधीक्षक और गवाहों की उपस्थिति में हस्ताक्षर लेकर पर्यवेक्षक परीक्षा कार्यालय में खोला जाना चाहिए लेकिन पैकेटों में लिखे गए सभी दिशा निर्देशों को धता बताते हुए गोपनीय पैकेट को जानबूझकर खोला गया और बांटा गया है जो कि शासन और अधिकारियों के निर्देशों का खुला उल्लंघन है, जिसके चलते शिक्षा विभाग की छवि तो खराब हो ही रही है, साथ ही ब्लॉक मुख्यालय में बैठे अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं, अब देखना यह कि इस गंभीर मामले में प्रशासन या शिक्षा विभाग क्या कार्यवाही करती है?

> हमारे ब्लॉक मुख्यालय में प्रश्न पत्रों के पर्याप्त बंडल प्राप्त हुए हैं और सभी संकुलों में प्रश्नपत्रों के वितरण के बाद भी प्रश्नपत्र पैकेट अब भी भरपूर मात्रा में बचे हुए हैं, बंडल को खोलकर बांटने के लिए कोई भी निर्देश नहीं दिए गए हैं और खबर के बाद प्रधानपाठकों को डीईओ कार्यालय में बुलवाया गया है। इसके साथ ही हमारे कार्यालय से भी नोटिस जारी किया जायेगा।
>
> – आर.एल.पात्रे, बीईओ डोंगरगांव

## सीएम साय ने आडवानी को भारत रत्न से सम्मानित होने पर दी शुभकामनाएं

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा के संस्थापक सदस्य और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित होने पर शुभकामनाएं दी और प्रसन्नता जाहिर की. सीएम साय ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य, राजनीति में शुचिता के प्रतीक, अपना जीवन राष्ट्र और लोकहित में समर्पित करने वाले पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके निवास स्थल पर जाकर सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया. संपूर्ण देश लालकृष्ण आडवाणी के भारत रत्न से सम्मानित होने पर गौरवान्वित है. बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं.

## भाजपा की महतारी वंदन योजना से कांग्रेसियों ने मानसिक संतुलन खोया – पारूल जैन

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री पारूल जैन ने महिला कांग्रेस कमेंटी की सचिव कुसुम दुबे के इस बयान पर की 'महतारी वंदन योजना के नाम पर आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है' पर तल्ख प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि इस तरह के आरोप लगाने के पहले कांग्रेस नेत्री को अपने गिरेंबां में झांककर देखना चाहिए कि पिछले विधानसभा चुनाव में महिलाओं के वोट पाने की लालसा में उन्हें पाँच सौ रुपए प्रतिमाह देने का वायदे कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में किया था। उस चुनाव में कांग्रेस विजय हुई थी, पाँच साल उनकी सरकार भी चली किन्तु महिलाओं से किए गए इस वायदे की उन्हे याद नहीं आई।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पारूल जैन ने कहा कि जब भाजपा ने महतारी वंदन योजना को घोषणा पत्र में शामिल किया और सरकार बनने के बाद उसे रिकार्ड 90 दिनों के भीतर महिलाओं को योजना के क्रियान्वयन करते हुए माता-बहनों के खाते मे एक हजार रुपये की राशि ट्रांसफर कर दी तो कांग्रेस पार्टी के पेट में दर्द होने लगा और कुसुम दुबे जैसी महिला नेत्री ने मानसिक संतुलन खोकर महिला होते हुए भी महिला हित की योजना का विरोध कर दिया। पारूल जैन ने आगे कहा की रही बात महिलाओं की विकास की तो इस दृष्टि से मोदी सरकार के 10 वर्षों का कार्यकाल कांग्रेस के 60 वर्षों के कार्यकाल पर भारी पड़ता हैं, महिलाओं की अस्मिता की रक्षा करने के लिए उन्हें शौचालय उपलब्ध कराना, पक्के मकान की सुविधा देना, चूल्हे के धुंए से मुक्ति दिलाने उज्ज्वला गैस का कनेक्शन देना, जमीन मकान की रजिस्ट्री में 1 प्रतिशत की छूट प्रदान करना, लखपति दीदी की योजना लाकर महिलाओं का सर्वांगीण विकास करना, स्वसहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को सशक्त व मजबूत बनाना और इतना ही नहीं बल्कि पंचायतों व नगरीय निकायों के चुनाव के बाद लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर मोदी जी ने काल के कपाल पर ऐसी लकीर खींच दी हैं, जिसे कांग्रेसी कभी नहीं मिटा पायेंगे।

पारूल ने कहा की कांग्रेसियों का दर्द कम होने की बजाय दिनों दिन बढ़ेगा ही क्योंकि अप्रैल महीने की 2 व 3 तारीख को महतारी वंदन योजना की राशि माता बहनों के खाते में आ जाएगी, भले ही कांग्रेसी अपना सिर ही क्यों ना पीटते रहें। यह योजना किसी एक पार्टी की महिलाओं के लिए लागू नहीं की गई है इसका लाभ निर्धारित सीमा से बाहर रहने वाली सभी महिलाओं को प्राप्त हो रहा हैं, इसलिए इसका विरोध करना कांग्रेस को शोभा नहीं देता।

## गर्मी की वजह से स्कूल का समय बदला

राजनांदगांव (दावा)। गर्मी का मौसम आ चुका है जिसके चलते प्रदेश में अब लगातार गर्मी बढ़ते क्रम पर है, ऐसे में गर्मी के बढ़ते क्रम को देखते हुए प्रदेशभर के स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। जिसको लेकर स्कूली शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के आदेश पर प्रदेश के सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी की ओर आदेश जारी कर स्कूल के समय में बदलाव कर नये समय में स्कूल संचालित करने के लिए निजी व शासकीय स्कूल के प्राचार्यों को आदेश दिया है।

जारी आदेश के अनुसार अब सुबह 7.30 बजे से दोपहर 11.30 बजे तक स्कूल संचालित होगा। वहीं परीक्षा आयोजन के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। परीक्षा की समय सारिणी में जो समय निर्धारित किया गया था उसी दिन और समय में परीक्षा संचालित होगी।

## कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को विजयी बनाने के संकल्प के साथ दक्षिण ब्लॉक की बूथ बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के दमदार प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने के संकल्प के साथ शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वार्ड क्रमांक-28 में बूथ क्रमांक 133, 134, 138 के बूथ कमेटियों की तैयारी बैठक शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबडा की उपस्थिति में दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय भरकापारा में रखी गई। बैठक में कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल द्वारा कांग्रेस सरकार में किए गए जनहित के कार्यों का उल्लेख किया गया और कांग्रेस के द्वारा जारी की गई लक्ष्मी न्याय योजना, किसान न्याय योजना एवं युवाओं के लिए न्याय योजना की जानकारी बूथ अध्यक्ष एवं बूथ कमेटियों के सदस्यों को दी गई।

कुलबीर छाबड़ा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपना सांसद चुनने का अवसर मिला है। निश्चित रूप से आगामी लोकसभा में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। भूपेश बघेल के विजयी होने पर राजनांदगांव का नाम भारत के ऊपर की पंक्तियों में दर्ज होगा और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। उन्होंने बूथ प्रबंधन और बूथ एजेंटों की नियुक्ति सहित वार्ड में पन्ना प्रभारी बनाने की बात कही और सभी सदस्यों से तन-मन-धन से इस चुनाव में अपनी भागीदारी देने का आग्रह किया। इसके पश्चात तीनों बूथ अध्यक्षों को संशोधित की हुई मतदाता सूची प्रदान की गई। आभार प्रदर्शन दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सतीश सोनपिपरे ने किया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से वार्ड की पूर्व पार्षद प्रज्ञा गुप्ता, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष महेश अग्रवाल, मनीष सिमनकर, बूथ अध्यक्ष पंकज गुप्ता, बूथ अध्यक्ष जितेश सिमनकर, बूथ अध्यक्ष मोहसिन कुरैशी, अजय अग्रवाल, शरद जैन, राकेश जैन, सतीश सोनपिपरे, रजत भोईर, राजू कुरैशी, भारत भूषण शर्मा, गुड्डू, मोहन चुनरकर, दिलीप यादव, सुनील पिल्ले, संघप्रिय वासनिक, विजय जैन, नीलम मेश्राम, सत्यम ओझा, अखिलेश ठाकरे, लक्की रामटेके सहित वार्ड के कांग्रेसजन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी दक्षिण ब्लॉक के संयुक्त महामंत्री अरशद ने दी।

## ट्रेफिक पुलिस ने पदनाम एवं आड़े-तिरछे नंबर वाले 14 वाहनों पर की कार्यवाही

**पुलिस ने 107 वाहनों को लिया जांच के घेरे में, कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप**

राजनांदगांव (दावा)। यातायात पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कुल 107 वाहनों पर कार्यवाही कर कुल 32500 रूपये जुर्माना वसूला गया। जिसमें पदनाम एवं आडे-तिरछे नंबर प्लेट पर 14 वाहन चालकों से 4200 रूपये एवं अन्य धाराओं में 93 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 28300 रूपये जुर्माना वसूल किया गया है।

पुलिस की उक्त कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। बताया जाता है कि यह कार्यवाही लगातार की जावेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com